नई दिल्ली
बुधवार 29 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 10
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 38
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

संघ प्रमुख ने कहा- हिंदू राष्ट्र पहले से ही वास्तविकता

## भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं


डॉ. मोहन भागवत

*पहले जो भारत का मजाक उड़ाते थे वे अब इसे हिंदुओं की भूमि कहने लगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर सत्ता में बैठे लोगों की प्रतिबद्धता और पूरे देश के लोगों के समर्थन की वजह से बना है। उन्होंने भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की चर्चाओं को लेकर कहा है कि इसकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह पहले से ही एक वास्तविकता है। डॉ. ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नेतृत्व की प्रतिबद्धता से बना राम मंदिर

डॉ. भागवत ने कहा कि यह राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना संभव था। मंदिर बनाने का फैसला ले लिया गया, लेकिन बिना मजबूत फाउंडेशन के यह कैसे खड़ा होता? भारत के प्रत्येक व्यक्ति ने योगदान दिया। उनके मुताबिक भगवान राम की अंगुली ने मंदिर का निर्माण सुनिश्चित किया।

बोले, आतंकियों को भड़काने, शरण देने वालों के खिलाफ निसंकोच होनी चाहिए कार्रवाई

# आतंकवाद को लेकर एससीओ के मंच से रक्षा मंत्री राजनाथ की पाकिस्तान और चीन को खरी-खरी

हरिभूमि न्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आगामी करीब दस दिन बाद यानी 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सशस्त्र सेनाओं द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' सैन्य अभियान की पहली वर्षगांठ है। लेकिन उससे ठीक पहले मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित की गई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान और चीन पर दो टूक में अंदाज में जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता या विचारधारा नहीं होती है। इसलिए राष्ट्रों को इस खतरे के खिलाफ दोहरे मापदंड से इतर दृढ़ और सामूहिक रवैया अपनाना चाहिए। समूह की दक्षिण अफ्रीकी परिषद को आतंकवादियों को उकसाने, शरण देने और सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने में कतई संकोच नहीं करना चाहिए। बताते चलें कि 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी ▶▶ शेष पेज 5 पर

*आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता या विचारधारा नहीं होती, इस खतरे के खिलाफ सामूहिक रवैया अपनाना चाहिए*



### पड़ोसी देशों को यूं दिखाया आईना

यहां बता दें कि रक्षा मंत्री का यह बयान पहलगाम हमले के गुनहगार पाकिस्तान समर्थित 'टीआरएफ' आतंकी संगठन को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा प्रतिबंधित अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन घोषित करने के भारत के युद्धस्तर पर जारी प्रयासों की राह में पाकिस्तान द्वारा भिड़ाई जा रही तिकड़म और चीन द्वारा यूएन में अपनी वीटो पावर की मदद से उसे प्रदान किए जा रहे समर्थन से संबंधित है। बावजूद इसके भारत की कोशिशें जारी हैं।

### बल प्रयोग नहीं संवाद से बनेगी बात

राजनाथ सिंह ने पश्चिम-एशिया संकट का नाम लिए बगैर कहा कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए एससीओ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि आज की विश्व दृष्टि खंडित प्रतीत होती है। देश तेजी से अंतर्मुखी होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना एससीओ की सर्वोपरि संबंध समिति की जिम्मेदारी है। लेकिन यहां ध्यान देने वाली एक बात यह है कि हमें बल प्रयोग के स्थान पर बातचीत और कूटनीति के रास्ते को अपनाना चाहिए। हमें हिंसा, युद्ध का नहीं बल्कि शांति और समृद्धि का युग बनाना चाहिए। इसके अलावा यह भी याद रखना चाहिए कि हमारा हर कार्य किसी गरीब या जरूरतमंद के जीवन में कितना बदलाव ला सकता है। रक्षा-सुरक्षा के लिए जिम्मेदार होने के नाते भाईचारे, सद्भाव को बनाए रखना हमारा कर्तव्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

**IPL आज का मुकाबला**
एमआई — एसआरएच
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### शिलांग कोर्ट से सोनम रघुवंशी को मिली जमानत

**शिलांग।** शिलांग की एक अदालत ने चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत दे दी है। 11 महीने से जेल में बंद सोनम को चौथी याचिका पर राहत मिली। इस फैसले से पीड़ित परिवार को गहरा झटका लगा है। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या से जुड़े इस मामले की आरोपी है।



### बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटों पर वोटिंग आज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार को 142 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसको लेकर राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। सीएम ममता बेनर्जी की भवानीपुर सीट पर मंगलवार को सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला। उनके खिलाफ भाजपा ने सुवेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। इधर चुनाव कर्मचारी ईवीएम मशीन लेकर पोलिंग बूथ पर पहुंच चुके हैं। एक महिला कर्मचारी गर्मी से बेहोश हो गई।



### आम आदमी कर सकेंगे अंतरिक्ष की यात्राः इसरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भविष्य में गगनयान मिशन में आम नागरिकों को भी शामिल करने की योजना बना रहा है। मिशन के पहले बैच के लिए अब तक केवल इंडियन एयरफोर्स के टेस्ट पायलट ही चुने गए हैं। इसरो की चयन समिति ने सिफारिश की है कि अगले बैच में मिलिट्री और सिविलियन दोनों हों।



सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# पूर्वोत्तर को बताया देश की 'अष्टलक्ष्मी' 4,000 करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात दी

**एक्स पर 3 पोस्ट कर उत्साह और स्नेह को अभूतपूर्व बताया**

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिक्किम के 50वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया और करीब 4,000 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत देश की 'अष्टलक्ष्मी' है और सिक्किम उसका अहम हिस्सा है। पीएम मोदी ने एक्स पर 3 पोस्ट साझा किए। पहली पोस्ट में उन्होंने गंगटोक में मिले उत्साह और स्नेह को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने सिक्किमवासियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय विकास में राज्य के योगदान पर देश को गर्व है। दूसरी पोस्ट में समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और सिक्किम की उपलब्धियों की सराहना की। वे पालजोर स टेडियम में स्वर्ण जयंती समारोह के समापन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### गंगटोक के उत्साह ने दी नई ऊर्जा




**पीएम मोदी पहुंचे काशी**

### महिलाओं को आरक्षण का हक जरूर मिलेगा, आज देंगे सौगातें



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2 दिनी दौरे पर वाराणसी पहुंचे। बरेका में जनसभा स्थल में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत लगभग 50 हजार महिलाओं को संबोधित किया और कहा कि आपको आरक्षण का हक जरूर मिलेगा।

**6300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगेः** प्रधानमंत्री करीब 6300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें सिग्नेचर ब्रिज सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं।

### इंफाल में एमएनसीए इंडोर क्रिकेट एकेडमी का वर्चुअल उद्घाटन किया




*भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा फंड की गई एमएनसीए इंडोर क्रिकेट एकेडमी का वर्चुअल उद्घाटन मंगलवार को प्रधानमंत्री ने इंफाल के लुवांगसांगबाम स्थित लुवांगपोकपा क्रिकेट स्टेडियम में किया। यह उद्घाटन पूर्वोत्तर राज्यों के क्रिकेट संघों के लिए इंडोर क्रिकेट एकेडमी शुरू करने की पहल के तहत किया गया। मणिपुर क्रिकेट एसोसिएशनके सचिव लैरेनजम गीतरंजन सिंह ने इस उद्घाटन को मणिपुर क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया और बीसीसीआई सचिव के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान इस प्रोजेक्ट को समर्थन देने के लिए मौजूदा आईसीसी अध्यक्ष जय शाह का आभार व्यक्त किया।*

### यहां अब लड़कों और लड़कियों का प्रदर्शन और बेहतर होगा

*उन्होंने बताया कि यह एकेडमी विश्व-स्तरीय सुविधाओं से लैस है, जिसमें 3 इंडोर पिच, एक जिम, एक प्रशासनिक कार्यालय और एक हीटेड स्विमिंग पूल शामिल है। बीसीसीआई 2 वर्षों तक इस एकेडमी के रखरखाव और संचालन का खर्च वहन करेगा। यह इंडोर एकेडमी मणिपुर के खिलाड़ियों के लिए, विशेष रूप से बारिश के मौसम में, बेहद मददगार साबित* ▶▶ शेष पेज 5 पर

सिक्किम दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को...

## सुबह-सुबह मैदान पर दिखा पीएम मोदी का नया अंदाज



*पीएम ने कहा- यह सेशन ऊर्जा से भर देने वाला रहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय सिक्किम दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन था। उनकी सुबह की शुरुआत एक बेहद ही खास और ऊर्जावान अंदाज में हुई।

गंगटोक की खुशनुमा सुबह में पीएम मोदी ने स्थानीय युवाओं और बच्चों के साथ फुटबॉल के मैदान पर हाथ आजमाए। पीएम मोदी नीली स्पोर्ट्स जैकेट में बच्चों के साथ फुटबॉल खेलते और उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए।

पीएम मोदी ने अपनी इस मुलाकात के बारे में सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी शेयर करते हुए कहा कि गंगटोक की इस प्यारी सुबह में सिक्किम के अपने युवा मित्रों के साथ फुटबॉल खेलने जैसा कुछ भी नहीं है। निश्चित रूप से, इन युवाओं के साथ फुटबॉल का यह सेशन ऊर्जा से भर देने वाला रहा। गंगटोक में फुटबॉल की एक शानदार सुबह! हमने सीखा, खेला, उत्सव मनाया और सबसे बढ़कर, हमने खेल का भरपूर आनंद लिया।

परियोजना समय पर पूरा करना और नियमित समीक्षा करना जरूरी : नायब

# 5 वर्षीय कार्यान्वयन रोडमैप को लेकर मुख्यमंत्री सैनी ने की समीक्षा बैठक

*"विजन टू एक्शन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" प्लानिंग टूल को किया गया लांच*



हरिभूमि न्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रदेश के हर विभाग को अपने कार्य के लिए 2030 तक के तय किए गए टारगेट को साल-दर-साल टाइमलाइन के साथ बनाएं। सिर्फ लक्ष्य बनाना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें समय पर पूरा करना और उनकी नियमित समीक्षा करना भी जरूरी है, ताकि योजनाओं का फायदा सीधे लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री सैनी मंगलवार को सचिवालय में स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभागीय 5-वर्षीय कार्यान्वयन रोडमैप को लेकर अलग-अलग विभागों की समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने "विजन टू एक्शन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" प्लानिंग टूल को भी लांच किया। स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान के महानिदेशक डॉ. राज नेहरु ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस टूल को एक्शन प्लान को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। उद्देश्य यही है कि 5 साल के टारगेट क्लियर हो, साथ ही विभागों की रिपोर्ट भी यूनिफार्म जनरेट होगी। इसमें विभागों के लिए यह भी सहुलियत होगी कि उन्हें साल दर साल दिए जाने वाले लक्ष्यों का भी आसानी से पता लग सकेगा। ऐसे में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में हरियाणा भी चरणबद्ध तरीके से योगदान दे पाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष अलग अलग विभागों के अधिकारियों ने 2026 से लेकर 2030 तक किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को बताया गया कि इन 5 सालों में विभागों की क्या क्या योजनाएं है। जिन विभागों ने अपनी योजनाएं बताई उनमें उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग शामिल थे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर बेहतर तरीके से काम करें, नई सोच अपनाएं और आगे की ▶▶ शेष पेज 5 पर

**1.35 लाख करोड़ का निवेश**
**2 लाख नौकरियां**

विजाग का 'जी' हुआ गूगल के नाम

# विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड एआई हब का शिलान्यास हुआ

एजेंसी ▶▶ विजाग

मंगलवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 1.35 लाख करोड़ रुपए के निवेश के साथ गूगल क्लाउड एआई हब का शिलान्यास हुआ।

इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट से करीब 2 लाख नई नौकरियों के पैदा होने का अनुमान है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और आंध्र मंत्री नारा लोकेश ने इसे भारत के डिजिटल भविष्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा सेंटर की आधारशिला रखी। मंत्री नारा लोकेश ने इस पल को ऐतिहासिक बताते हुए गर्व से कहा कि अब विजाग में जी का मतलब गूगल है। यह 1 गीगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर भारत के सबसे बड़े एआई डेटा केंद्रों में से एक होगा, जो सबसे बेहतरीन क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और बड़े पैमाने पर डेटा स्टोरेज की सुविधाएं देगा। *(पेज 10 भी देखें)*



बैंक ने कहा था- खाताधारक को लाओ

बैंक में कई चक्कर काटने पर भी नहीं निकला था कैश

# कब्र से 'बहन का कंकाल' निकाल कर पहुंच गया ओडिशा का शख्स



एजेंसी ▶▶ क्योंझर

ओडिशा से एक परेशान कर देने वाली खबर सामने आई है। इस घटना ने क्योंझर में ग्रामीण भारत में बैंकिंग जागरूकता और प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यहां एक आदिवासी व्यक्ति अपनी मृत बहन का कंकाल बैंक ले आया। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उसे कहा गया था कि वह खाताधारक को खुद बैंक में पेश करे। जबकि अकाउंट होल्डर महिला की मौत हो चुकी थी। यह घटना पटना ब्लॉक में ओडिशा ग्रामीण बैंक की मालीपोसी शाखा में हुई। इस व्यक्ति की पहचान जीतू मुंडा (50) के रूप में हुई है, जो दियानाली गांव का रहने वाला है। वह अपनी दिवंगत बहन के खाते से 20,000 रुपए निकालने की कोशिश कर रहा था। उसकी बहन, कालरा मुंडा (56), का निधन 26 जनवरी, 2026 को हो गया था। बैंक के बार-बार चक्कर लगाने के बाद निराश होकर, जीतू ने एक बेहद कड़ा कदम उठाया। हालात की जानकारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

# एलपीजी वितरक केंद्र पर 'ड्राई-आउट' की स्थिति नहीं

अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति हो रही

## केंद्र का दावा : देश में गैस की कोई किल्लत नहीं, कमर्शियल गैस की आपूर्ति पूरी तरह बहाल हुई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देशभर में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी, पाइप्ड नेचुरल गैस, और परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है और किसी भी वितरक केंद्र पर गैस की कमी या सप्लाई बाधित होने की कोई सूचना नहीं है। एक अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है और देश के किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर 'ड्राई-आउट' की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आम नागरिकों को रसोई गैस की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो।




सुजाता शर्मा ने बताया कि वाणिज्यिक एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति को भी धीरे-धीरे बहाल किया जा रहा है और वर्तमान में इसे 70 प्रतिशत तक पुनर्स्थापित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस आपूर्ति दी जा रही है ताकि आवश्यक सेवाओं पर कोई असर न पड़े। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सभी भारतीय नाविक सुरक्षित

वहीं, बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मुकेश मंगल ने बताया कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय ध्वज वाले जहाज से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। मुकेश मंगल ने कहा कि मंत्रालय ने भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समुद्री परिवहन और भारतीय नाविकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मालवीय नगर में हत्या की वारदात

# मोबाइल को लेकर हुये झगड़े में युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में 27-28 अप्रैल की दरमियानी रात एक शख्स की गर्दन पर डंडा मारकर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया था लेकिन कुछ घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक और आरोपी दोनों दिहाड़ी मजदूरी करते हैं और देर रात मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ था।

पुलिस के अनुसार मालवीय नगर थाने में एक पीसीआर कॉल मिली। यह कॉल बेगमपुर में बड़ी मस्जिद के सामने, गट्टा गोदाम स्थित झुग्गी टी-5बी में हुई हत्या की एक घटना के संबंध में थी। स्थानीय पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की, जहां शिकायतकर्ता रंजीत यादव ने पुलिस को घटना के तथ्यों से अवगत कराया। उसने बताया कि सोमवार रात को खाने के बाद मौके पर मौजूद मजदूरों में से शत्रुघ्न और राकेश उर्फ कैली के बीच झगड़ा हो गया था। इस झगड़े को शांत करा दिया गया था और सभी लोग सोने चले गए थे। रात करीब 1 बजे, शोर सुनकर शिकायतकर्ता ने देखा कि राकेश ने शत्रुघ्न की गर्दन पर लकड़ी के डंडे से हमला किया और वहां से फरार हो गया। घायल को एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मालवीय नगर थाने में उचित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच में पता चला कि आरोपी ने शराब पी रखी थी और उसने मृतक के मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था, जिसके कारण दोनों के बीच कहा-सुनी हो गई थी। आरोपी ने मृतक पर उस समय हमला कर दिया, जब वह सो रहा था। आरोपी राकेश (25) निवासी ग्राम सोसराय, पुलिस स्टेशन सोसराय, जिला नालंदा, बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह निरक्षर है और पिछले 6–7 वर्षों से अपने भाई के साथ दिल्ली में रह रहा है। वह बेगमपुर की झुग्गी में रहने वाले एक कबाड़ी ठेकेदार के अधीन कबाड़ी (रद्दी) का काम करता है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया गया है जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# तीन करोड़ की ड्रग्स के साथ इनामी तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने एक बड़े एनडीपीएस एक्ट के मामले में घोषित अपराधी को पकड़ा है। इसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित किया गया था। मामले में कुल 612 ग्राम हेरोइन बरामद हो चुकी है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग तीन करोड़ है। पूछताछ से सप्लाई चेन, मुनाफा कमाने के तरीके और ड्रग नेटवर्क के विस्तार का खुलासा हुआ।

पुलिस के अनुसार एक बड़े इंटेलिजेंस-आधारित ऑपरेशन में क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ ) ने राजधानी में हेरोइन के अवैध व्यापार में शामिल एक ड्रग वितरण नेटवर्क को सफलतापूर्वक खत्म कर दिया है। इस तेज और सुनियोजित कार्रवाई के परिणामस्वरूप विजय (31) नामक एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया गया और 100 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। इससे नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन को एक बड़ा झटका लगा है। विजय हेरोइन वितरण नेटवर्क में एक मुख्य सप्लायर था और उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार 20 जनवरी 2025 को एक गुप्त सूचना के आधार पर एएनटीएफ की एक टीम ने दो व्यक्तियों पुष्पा और आवेश उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 512 ग्राम स्मैक और 94 पाउच बरामद हुए थे। क्राइम ब्रांच थाने में केस दर्ज किया गया था। जांच में पता चला कि पुष्पा अपने दामाद अक्षय के जरिए प्रतिबंधित सामग्री प्राप्त कर रही थी। अक्षय, विजय, कुसुम और राहुल उर्फ काकू जैसे मुख्य सप्लायरों से हेरोइन लेकर एक बिचौलिए के तौर पर सप्लाई का काम करता था। अक्षय काफी समय तक फरार रहा। उसके खिलाफ धारा 84 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई शुरू की गई और बाद में उसे इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के दौरान आरोपी अवतार सिंह उर्फ रिक्की, जो विजय का साथी था उसे भी पकड़ा गया और उसके पास से 5.10 लाख रुपये नकद और नशीला पदार्थ पहुंचाने के लिए इस्तेमाल की गई एक केटीएम मोटरसाइकिल जब्त की गई। आगे की जांच के दौरान नशीले पदार्थ के मुख्य सप्लायर विजय, कुसुम और राहुल उर्फ काकू को इस मामले में भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था। विजय की गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम भी घोषित किया गया। 27 अप्रैल को इसे इंद्रपुरी इलाके से दबोचा गया। केस में यह पांचवीं गिरफ्तारी है।

# घर में आग लगने से दिव्यांग व्यक्ति की मौत, एक घायल



### लक्ष्मी नगर की सीजीएचएस डिस्पेंसरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर स्थित एक सीजीएचएस डिस्पेंसरी में आग लगने का मामला सामने आया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। डिस्पेंसरी में आग लगने की सूचना सुबह 11.04 बजे मिली। इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। डीएफएस अधिकारी के अनुसार दोपहर 12.15 बजे आग पर काबू पा लिया गया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ पहाड़गंज की चूना मंडी इलाके की घटना

मध्य दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में मंगलवार तड़के एक मकान में आग लगने से दिव्यांग बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि उनका भाई मामूली रूप से झुलस गया। आग घर के अंदर रखे घरेलू सामान में लगी थी। दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

पुलिस के मुताबिक दमकल विभाग को तड़के दो बजकर 40 मिनट पर चूना मंडी इलाके में तीसरी मंजिल पर स्थित एक घर में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर भेजी गई। पुलिस ने एक बयान में कहा कि देर रात दो बजकर 45 मिनट पर एक पीसीआर कॉल भी आई थी, जिसके बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घर की तीसरी मंजिल से तीन लोगों को निकाला गया। डीएफएस के अधिकारियों ने बताया कि आग पर तड़के तीन बजकर 10 मिनट पर काबू पा लिया गया। आग घर के अंदर रखे घरेलू सामान तक ही सीमित रही। पुलिस ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान, एक व्यक्ति एक ऐसे कमरे में फंसा हुआ मिला जो अंदर से बंद था। पुलिस ने बताया कि वह गंभीर रूप से झुलस गया था। घायल रमेश (60) को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक उनके भाई 58 वर्षीय नरेश का हाथ मामूली रूप से झुलस गया। पुलिस ने बताया कि एक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि आग लगने का सटीक कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

# जामिया में आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम के खिलाफ प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के 50 से अधिक छात्रों ने मंगलवार को परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस और त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) की भारी मौजूदगी के बीच छात्र ₹जामिया हमारा विश्वविद्यालय है, आपकी शाखा नहीं₹ और ₹हमारे परिसर के भगवाकरण को अस्वीकार करें₹ लिखे हुए पोस्टर पकड़े हुए थे और परिसर में ₹इंकलाब जिंदाबाद₹ के नारे लगा रहे थे। विरोध प्रदर्शन कर रहे एक छात्र ने 'पीटीआई भाषा' को बताया, ₹आरएसएस अपने मुख्य अतिथि को कई प्रवेश द्वारों में से किसी एक से सभागार के अंदर ले जाने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम सभागार के ठीक बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं।₹ 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई) और 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन' (आइसा) जैसे वामपंथी छात्र संगठनों से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने वहां मौजूद आरएसएस पदाधिकारियों से परिसर को तुरंत छोड़ने का आग्रह किया। आरएसएस का यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'युवा कुंभ' का हिस्सा है। यह प्रदर्शन जामिया की एसएफआई इकाई द्वारा कार्यक्रम पर आपत्ति जताने और इसे ₹प्रत्यक्ष उकसावा₹ करार देने के एक दिन बाद हुआ है। आइसा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष और जामिया के छात्र सैयद ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर भेदभावपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ₹यह वही जामिया है, जहां अन्य छात्र समूहों को सुरक्षा हस्तक्षेप के बिना चर्चा करने की भी अनुमति नहीं है, लेकिन आरएसएस को वातानुकूलित हॉल में पूरा कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी गई है।₹ उन्होंने कहा कि छात्र भविष्य में भी इसी तरह की घटनाओं का विरोध करते रहेंगे ताकि ₹अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा₹ कर सकें। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही तस्वीरों में राष्ट्रीय राजधानी में तापमान अधिक होने के बावजूद प्रदर्शनकारी छात्र चिलचिलाती गर्मी सहन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह विरोध प्रदर्शन दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 से अधिक कॉलेज परिसरों में 'युवा कुंभ' कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर इसी तरह के प्रदर्शन के कुछ महीनों बाद हुआ है।

# सड़क हादसे में एक नाबालिग सहित दो युवकों की मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ संसद मार्ग इलाके में हादसा

संसद मार्ग इलाके में अशोक रोड पर महादेव रोड टी-पॉइंट के पास एक मोटरसाइकिल और मालवाहक वाहन की टक्कर में एक नाबालिग सहित दो युवकों की मौत हो गई। हादसा सोमवार देर रात सामने आया। मृतकों की पहचान यज्ञ भाटिया (20) और अभव भाटिया (14) के रूप में हुई। दोनों अशोक नगर इलाके के रहने वाले थे। शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार देर रात हादसे के संबंध में एक पीसीआर कॉल आई, जिसके बाद पुलिस टीम पीएनबी कॉम्प्लेक्स के सामने घटनास्थल पर पहुंची। दो युवकों को सड़क पर अचेत अवस्था में पाया। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल और एक मालवाहक वाहन शामिल थे। जिला क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया और साक्ष्य एकत्र करने के लिए घटनास्थल की फोरेंसिक जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल के शवगृह में भिजवाया गया था। एक चश्मदीद के बयान के आधार पर कानून की विभिन्न धाराओं के तहत पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। मालवाहक वाहन की पहचान कर ली गई है और उसके चालक को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस का कहना है कि यज्ञ भाटिया बीएससी और अभव भाटिया स्कूली छात्र था।

# नरेला औद्योगिक इलाके में युवक की चाकू घोंपकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले के नरेला औद्योगिक इलाके में 19 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। घटना सोमवार को काली माता मंदिर के पास भोरगढ़ फेज दो में एक शख्स जख्मी हालत में पड़ा मिला था। घायल युवक को तत्काल एसआरएचसी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक का नाम मयंक बताया गया है। वह भोरगढ़ इलाके का ही रहने वाला था। पुलिस के अनुसार शव पर चाकू से वार किए जाने के कई निशान थे और निजी रंजिश समेत सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित की गई हैं और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में भारतीय न्याय संहिता की हत्या से संबंधित धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी 1 और 2 मई को करेगी करियर काउंसलिंग फेयर का आयोजन: कालका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा है कि करियर काउंसलिंग फेयर (सीसीजी) का आयोजन 1 और 2 मई 2026 को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस फेयर में 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को करियर संबंधित काउंसलिंग सहायता प्रदान की जाएगी। कालका ने बताया कि इस फेयर में गुरुद्वारा कमेटी से संबंधित गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूलों के 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी तथा दिल्ली यूनिवर्सिटी और आईपी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि फेयर के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार उनके भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन देने की कोशिश भर है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि विद्यार्थियों को भविष्य में अपनाए जाने वाले करियर संबंधी पर्याप्त जानकारी नहीं होती। जिसके कारण वह लगभग उलझन में पड़ जाते हैं और उनका एक या दो साल यू ही खराब हो जाता है। उन्होंने कहा कि अभी भी हमारे पास ऐसे ताज़ा मामले आए हैं, जिनमें विद्यार्थी इस बात को लेकर उलझे हुए थे कि उन्हें भविष्य में क्या करना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी नियमित रूप से ऐसे सीसीजी कैंप लगाकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करती है। कमेटी की इस मुहिम को हमेशा अच्छा प्रतिसाद मिलता है। उन्होंने बताया कि इस फेयर में विभिन्न कॉलेजों और अलग-अलग करियर विकल्पों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां विद्यार्थी अपनी रजिस्ट्रेशन कराकर इस फेयर का लाभ उठा सकते हैं।

### एमसीडी महापौर चुनाव: रणनीति तय करने के लिए भाजपा की बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) महापौर चुनाव से पहले, शहर से भाजपा के सांसदों ने मंगलवार को पार्टी के दिल्ली प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा से मुलाकात कर 29 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए रणनीति को अंतिम रूप दिया। सचदेवा से मुलाकात करने वालों में स्वाति मालीवाल भी थीं जो हाल ही में भाजपा में शामिल हुई हैं। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संभवतः एकजुट मोर्चा सुनिश्चित करना है क्योंकि निर्वाचक मंडल एमसीडी चुनावों के लिए अगले महापौर, उप महापौर और स्थायी समिति में तीन रिक्त सीटों के लिए चुनाव की तैयारी कर रहा है। इस वर्ष बुधवार को होने वाले महापौर चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में 273 वोट शामिल हैं, जिनमें 249 पार्षद, दिल्ली विधानसभा द्वारा मनोनीत 14 विधायक, सात लोकसभा सदस्य और दिल्ली से तीन राज्यसभा सदस्य शामिल हैं, जो महापौर का फैसला करेंगे। चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार को 137 वोटों की आवश्यकता होती है। भाजपा ने रोहिणी-पूर्व से तीन बार के अनुभवी पार्षद प्रवेश वाही को महापौर पद के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिवा पुत्र धारा सिंह निवासी म. नं. टीसी–591, 12.5 गज, टीसी कैंप रघुबीर नगर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 100/2024, थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिवा** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिवा** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 100/2024, थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शिवा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**शशांक नन्दन भट्ट**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (पश्चिम)
कक्ष सं. 356, तृतीय तल
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/5236/WD/2026**
**(Court Matter)**



**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**
**CIN: L17112UP1993PLC022479**
पंजी. कार्यालय : खसरा नं. 62, डी 1/3, इंडस्ट्रियल एरिया, राजारामपुर सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर, यू.पी.–203205, भारत फोन नं.: **011-49025972**
**Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com,**

**शेयरधारकों को सूचना**
**(फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुन: प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो)**

सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, कम्पनी ने फिजिकल सिक्योरिटीज जो 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे अथवा खरीदे गये थे और ऐसे हस्तांतरण आग्रह पूर्व में जमा करवाए गए थे तथा **दस्तावेजों / प्रक्रिया में कमी / अथवा अन्यथा की वजह से निरस्त कर दिये गये / वापस लौटा दिये गये / ध्यान नहीं दिया गया,** के हस्तांतरण/डिमैटीरियलाइजेशन (''डिमैट'') हेतु 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए स्पेशल विंडो पुनः खोली है।

इस अवधि के दौरान, सिक्योरिटीज जो हस्तांतरण के लिए पुन: दायर की गई हैं, केवल डिमैट मोड में जारी की जाएंगी और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की लॉक-इन अवधि के तहत होंगी। ऐसी सिक्योरिटीज उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान हस्तांतरित / ग्रहणाधिकार-मार्क्ड/गिरवीकृत नहीं की जाएंगी। हस्तांतरिती को उपरोक्त सेबी सरकुलर के तहत निर्धारित अनुसार सभी दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करवाने अपेक्षित होंगे।

हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरिती के बीच विवादों के मामले ; निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि ( आईईपीएफ) को हस्तांतरित की गई सिक्योरिटीज के बारे में प्रोसैसिंग के लिए इस विंडो के तहत विचार नहीं किया जाएगा।

शेयरधारक अपेक्षित दस्तावेजों सहित अपने आग्रह निर्धारित अवधि के अंदर कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड (आरटीए), बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली–110062 के पास जमा करवा सकते हैं, ई–मेल करें beetalrta@gmail.com

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/–
अतुल मित्तल
प्रबंध निदेशक

दिनांक : 28 अप्रैल 2026
स्थान : दिल्ली


# जनगणना ड्यूटी न करने पर दिल्ली में 142 अतिथि शिक्षक हो सकते हैं बर्खास्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 142 अतिथि शिक्षकों को जनगणना कर्ता के रूप में अपने वैधानिक कर्तव्य का पालन करने से कथित रूप से इनकार करने के लिए बर्खास्तगी का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि प्रशासन ने इस कृत्य को 'घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता' करार दिया है। शिक्षा निदेशक को 24 अप्रैल को लिखे एक पत्र में, पुरानी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट ने कहा, ₹शिक्षकों को 16 अप्रैल को जारी एक पूर्व पत्र में इस कवायद में भाग लेने की उनकी अनिच्छा के कारण उत्पन्न कठिनाइयों को बताए जाने के बावजूद, सौंपे गए जनगणना कार्य को करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि यह इनकार घोर लापरवाही, कर्तव्य की अवहेलना और जनहित के लिए हानिकारक है।

पत्र में कहा गया कि सूचित किया जा रहा है कि 142 अतिथि शिक्षकों ने उपरोक्त कर्तव्य निभाने से इनकार कर दिया है। संदर्भ के लिए सूची संलग्न है। जिला मजिस्ट्रेट ने अनुरोध किया कि उनकी सेवाएं तत्काल प्रभाव से बंद या समाप्त कर दी जाएं। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता के ऐसे कृत्यों को बर्दाश्त करने से जनगणना कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की गैर-अनुपालन की अनुमति देने से जनगणना प्रक्रिया बाधित हो सकती है और समान वैधानिक जिम्मेदारी निभाने वाले कर्मचारियों के बीच अनुशासन कमजोर हो सकता है। इस बीच, दिल्ली के सरकारी शिक्षक संघ (जीटीए) ने शिक्षा मंत्री आशीष सूद से अतिथि शिक्षकों की प्रस्तावित बर्खास्तगी को वापस लेने का अनुरोध किया है। जीटीए के महासचिव अजय वीर ने सूद को पत्र लिखकर बताया कि सभी संबंधित अतिथि शिक्षक वार्षिक अनुबंध पर कार्यरत हैं, जो आठ मई को समाप्त होने वाला है। वीर ने दावा किया कि जनगणना ड्यूटी में शामिल होने से इनकार करना जानबूझकर की गई अवज्ञा का कार्य नहीं था, बल्कि व्यावहारिक कठिनाइयों, पर्याप्त संसाधनों की कमी और बेहद कम पारिश्रमिक का परिणाम था। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षकों के दैनिक पारिश्रमिक में लगभग आठ वर्षों से कोई वृद्धि नहीं हुई है और मौजूदा राशि आने-जाने जैसे बुनियादी खर्चों को पूरा करने के लिए भी अपर्याप्त है। उन्होंने कहा, ₹पारिश्रमिक बुनियादी खर्चों को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त नहीं है, जिससे ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन व्यावहारिक रूप से असंभव हो जाता है। शिक्षा विभाग से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

वीर ने अधिकारियों से प्रस्तावित बर्खास्तगी को वापस लेने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अतिथि शिक्षकों के वार्षिक अनुबंध समाप्त न किए जाएं। अतिथि शिक्षकों को सरकार के जनगणना अभियान के तहत जनगणना गणक की भूमिका सौंपी गई थी जिसे एक अनिवार्य सार्वजनिक कर्तव्य माना जाता है।

### दिल्ली विधानसभा के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुद्दे पर सत्तापक्ष ने विपक्ष को कोसा

# विपक्ष की महिला विरोधी सोच के कारण महिलाओं को नहीं मिल सका आरक्षणः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा के एक दिन के विशेष सत्र में कहा कि केंद्र सरकार ने विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' पारित किया था। इसके लिए 131वां संविधान संशोधन विधेयक भी प्रस्तुत किया ताकि महिलाओं को जल्द लाभ मिल सके। लेकिन 16, 17 और 18 अप्रैल के दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक दुखद अध्याय के रूप में दर्ज हुए हैं। इन दिनों पूरे देश की महिलाएं लोकसभा की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही थीं कि 78 वर्षों का लंबा इंतजार अब समाप्त होगा और उन्हें विधानसभाओं तथा लोकसभा में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। लेकिन इन दिनों हुई चर्चाओं ने निराशा ही दी।

- मुख्यमंत्री ने महिला आरक्षण में देरी के लिए विपक्ष की 'तकनीकी राजनीति' को घेरा
- सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, मोदी सरकार ने दिया अवसर, विपक्ष ने खड़ी की बाधा

#### 'क्यों जरूरी है महिला आरक्षण'

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण इसलिए जरूरी है क्योंकि महिलाओं को सामाजिक बाधाओं और चुनौतियों का सामना पुरुषों की तुलना में अधिक करना पड़ता है। ऐसे में केवल अधिकार नहीं, बल्कि विशेष प्रावधान ही समान अवसर सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने बताया कि आरक्षण और जनसमर्थन के जरिए ही उन्हें जनसेवा का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि पंचायत व स्थानीय निकायों में बड़ी संख्या में महिलाएं चुनी जाती हैं, लेकिन विधानसभा और संसद तक उनकी भागीदारी काफी कम रह जाती है। देश में लगभग 4600 विधायकों में केवल 10 प्रतिशत महिलाएं हैं और लोकसभा-राज्यसभा में भी उनकी हिस्सेदारी करीब 13-14 प्रतिशत ही है, जो अवसरों की कमी को दर्शाता है।

#### महिला विधायक राय ने संभाली सदन की कार्यवाही

दिल्ली विधानसभा के माननीय अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर चल रहे विशेष सत्र के दौरान एक महत्वपूर्ण और अनूठी पहल करते हुए विधायक शिखा राय को सदन की कार्यवाही संचालित करने के लिए आमंत्रित किया। यह पहल महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करने और उसे सम्मान देने के उद्देश्य से की गई, जो इस सत्र के विमर्श का केंद्रीय विषय था। विधायक शिखा राय ने अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन-इन-चेयर के रूप में सदन की कार्यवाही का संचालन किया, जो विधानसभा की समावेशिता और विधायी कार्यों में महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राय ने इस अवसर और उन पर व्यक्त किए गए विश्वास के लिए विधानसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

#### 'अधिकार मिले, अवसर नहीं मिले'

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार और चुनाव का अवसर तो दिया, पर केवल इससे वे आगे नहीं बढ़ सकीं और उन्हें राजनीतिक अवसरों से वंचित रखा गया। उन्होंने बताया कि महिला आरक्षण विधेयक 27 वर्षों में सात बार संसद में आया, लेकिन हर बार रोका गया। कई दलों ने बाधाएं खड़ी कीं और महिलाओं को सीमित भूमिका में रखा, जबकि भाजपा ने उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दिए।

#### '2014 के बाद बदला महिलाओं का परिदृश्य'

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को लंबे समय तक भ्रूण हत्या, बाल विवाह और अन्य सामाजिक कुरीतियों के साथ-साथ बुनियादी जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ा। 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में व्यापक बदलाव आए हैं। स्वच्छता, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, जनधन, मुद्रा और पोषण जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने, उनकी सुविधाएं बढ़ाने और उन्हें अधिक आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

#### 'तकनीकी बहानों से रोका गया विधेयक'

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विषय केवल एक विधेयक का नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकार और सम्मान का है। किसी भी पुरुष प्रतिनिधि के लिए अपनी सीट छोड़कर महिला को स्थान देना सहज निर्णय नहीं होता। इसी वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए ऐसा प्रारूप प्रस्तावित किया गया, जिसमें सीटों की संख्या बढ़ाकर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सके। इस व्यवस्था से क्षेत्रीय दलों को भी लाभ होता और दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

#### 'विपक्ष के तर्कों पर सवाल'

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझ से परे है कि इस प्रस्ताव में विपक्ष को आपत्ति किस बात पर थी, जबकि इसमें सभी पक्षों के हितों का ध्यान रखा गया था। विपक्षी दलों ने महिलाओं के हितों की उपेक्षा की, जबकि वही महिलाएं उनके लिए मतदान करती हैं और उन्हें सत्ता तक पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी महिलाओं के संदर्भ में 'कोटे में कोटा' की मांग भी केवल बहाने के रूप में प्रस्तुत की गई, जबकि पूर्व में इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। विभिन्न तकनीकी और राजनीतिक मुद्दों को आधार बनाकर इस विधेयक को टालने का प्रयास किया गया, जबकि मूल उद्देश्य केवल महिलाओं को उनका अधिकार दिलाना था। आज महिलाओं के नाम पर केवल मुद्दों को उलझाने का प्रयास किया जा रहा है।

## महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विरोध-प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने सत्तापक्ष के विधायकों के साथ काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक विरोध-प्रदर्शन किया

दिल्ली विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान दिल्ली के स्वास्थ्य, परिवहन एवं आईटी मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने अपनी सरकार के अन्य मंत्रियों और विधायकों के साथ काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक विरोध-प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को रोकने में विपक्ष की भूमिका के खिलाफ दर्ज कराया गया। इस विशेष सत्र को इसी महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के लिए बुलाया गया था।

इस अवसर पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने लोकसभा के पिछले सत्र में विपक्षी दलों के रुख की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम महिलाओं के सशक्तिकरण के मुद्दे पर विपक्ष के रवैये की कड़ी निंदा करते हैं। यदि उनकी नीयत सही होती, तो वे इस विधेयक का खुलकर समर्थन करते और रचनात्मक चर्चा करते, न कि बहाने बनाकर विधेयक को विफल करने का प्रयास करते। उन्होंने आगे कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं है, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान और उनके उचित प्रतिनिधित्व का सबसे बड़ा सवाल है। विपक्षी दलों के रवैये ने एक बार फिर से उनकी महिला-विरोधी मानसिकता को सबके सामने उजागर किया है। वे महिलाओं के सशक्तिकरण की बातें तो करते हैं, लेकिन जब कार्य करने का समय आता है, तो पीछे हट जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार का विरोधाभास जनता के विश्वास को कमजोर करता है। विपक्ष की राजनीतिक बयानबाज़ी वास्तविक प्रतिबद्धता का स्थान नहीं ले सकती। राजधानी दिल्ली की जनता बेहद जागरूक है और इस बात को समझ रही है कि किस प्रकार महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है।



#### *एलजी ने स्कूली बच्चों संग की मौज मस्ती*

*नई दिल्ली । उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को लोक निवास के नजदीक मशहूर फ़तेह की कचौड़ी का स्वाद लिया। इस दौरान एलजी ने स्कूली बच्चों के संग मस्ती की। इसको लेकर एलजी संधू ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बाकायदा फोटो सहित पोस्ट की। एलजी ने पोस्ट पर लिखा कि लोक निवास से बाहर निकलकर कुछ मशहूर फ़तेह की कचौड़ी खाने गया। लेकिन असली मजा तो तब आया जब स्कूल से घर लौटते हुए कुछ खुशमिजाज छात्रों और उनके माता-पिता से अचानक मुलाक़ात हो गई। संधू ने लिखा कि सेंट जेवियर्स स्कूल के आस-पास, दिल्ली के बच्चों की सहज ऊर्जा और उनकी खिलखिलाती मुस्कान सचमुच ताज़गी देने वाली थी। उन्होंने लिखा कि यह सहज पल हमें इस बात की ज़ोरदार याद दिलाते हैं कि हम अपनी राजधानी के लिए एक जीवंत और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए क्यों प्रतिबद्ध हैं।*

### यादव ने एलजी, सीएम को रंगपुरी में जल संकट को लेकर लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने उपराज्यपाल तरनजीत सिंह व मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर दक्षिण पश्चिम जिले के रंगपुरी पहाड़ी में स्थित इजरायल शिविर में पीने के पानी के भीषण संकट का हल करने की मांग की है। यादव ने बताया कि अपने पत्र में लिखा है कि रंगपुरी में जल संकट संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। भीषण गर्मी में पीने के पानी की अत्यधिक कमी के कारण इजराइल कैंप रंगपुरी पहाड़ी में लोगों को भारी मानसिक व शारीरिक परेशनियों से गुजरना पड़ रहा है। क्योंकि इजरायल कैंप में लगभग 20 हजार से अधिक लोग रहते है। ऐसे में कांग्रेस ने इस भीषण जल संकट के जल्द से जल्द समाधान के लिए उपराज्यपाल संधू व मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इसके अलावा दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड को भी पत्र लिखकर गहन चिंता जताई गई है। यादव ने कहा कि इजरायल कैंप दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड में अधिसूचित जेजे क्लस्टर के तहत आता है। जहां आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के लोग अपने दैनिक निर्वाह और अस्तित्व के लिए बेहद सीमित संसाधनों पर निर्भर है। जबकि इनकी जीविका के लिए मूलभूत सुविधाओं सहित पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना सरकार की विशेष जिम्मेदारी है। यादव ने कहा कि सरकार की नाकामी के कारण गरीब लोगों को पानी खरीदने पर ही 1500 रुपये तक मासिक खर्च करना पड़ रहा है। यादव ने उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित संबधित विभागों के अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए उन्हें याद दिलाया कि उच्च न्यायालय ने दिल्ली जल बोर्ड को इजरायल कैंप, के लिए 9 किली लीटर क्षमता के 15 टैंकर प्रतिदिन तैनात करने के आदेश दिए है। बावजूद इसके जल बोर्ड वहां सिर्फ 6-7 टैंकर ही तैनात कर रहा है। जो इस भीषण गर्मी में पर्याप्त नहीं है, ऐसे में कम से कम 30 टैंकर प्रतिदिन उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

## एलजी ने लू से निपटने की तैयारियों को लेकर पालिका केंद्र में बने नियंत्रण केंद्र का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने भीषण गर्मी व हीट वेव से निपटने की तैयारियों को लेकर खुद मैदान में उतर गए है। एलजी ने मंगलवार को कनाट पलैस स्थित पालिका केंद्र में ग्रीष्मकालीन कार्य योजना और लू से निपटने के लिए एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नियंत्रण केंद्र द्वारा उठाए जा रहे कदमों व विभिन्न तैयारियों की सघनता से समीक्षा की। लोक निवास द्वारा मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के डिजिटल तंत्रिका केंद्र के रूप में, आईसीसीसी सेवाओं को एकीकृत करने के लिए आई ओ टी आधारित प्रणालियों का उपयोग करता है। जिसमें जल प्रबंधन से लेकर पर्यावरण निगरानी तक प्रमुखता से शामिल है। शासन के इस प्रौद्योगिकी-सक्षम मॉडल में पूरे देश के शहरी स्थानीय निकायों में दोहराए जाने की क्षमता है, जिससे नागरिक सेवाओं की डिलीवरी में सुधार हो सके।

इस मौके पर एलजी संधू ने कहा कि जैसे-जैसे हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, वैसे वैसे दिल्ली की भूमिका भी केंद्रीय बनी हुई है। इसमें नई दिल्ली इसी परिकल्पना का एक मुख्य प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यद्यपि बेशक इसकी तकनीकी क्षमताएं बेहद सराहनीय हैं। लेकिन हमारी वास्तविक प्राथमिकता जमीनी स्तर पर मजबूत क्रियान्वयन होनी चाहिए। जिससे की कमज़ोर समुदायों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। एलजी ने कहा कि हम एक सुदृढ़ और नागरिक-केंद्रित शहरी शासन को समर्थन देने और उसे मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें कि एलजी ने सोमवार को ही लोक निवास में एक अहम समीक्षा बैठक ली थी जिसमें भीषण गर्मी व हीट वेव से निपटने के लिए गहराई से मंथन हुआ। एलजी ने इस अहम बैठक में डीएम से लेकर पुलिस आयुक्त व विभिन्न निकायों के आला अधिकारियों का मिलकर कार्य करने का मंत्र दिया। एलजी ने इस बैठक में साफ शब्दों में निर्देश दिए कि हीट वेव से निपटने में किसी प्रकार की कमी या गलती सहन नहीं होगी। इस बैठक के दूसरे ही दिन मंगलवार को एलजी खुद मैदान में उतर गए है।

## इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर विमेन के 102वें स्थापना दिवस पर एलजी ने छात्राओं को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली के इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर विमेन के 102वें स्थापना दिवस समारोह को समन्वय 2026 के रूप में मनाया गया। मंगलवार को आयोजित हुए इस समारोह में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे।

एलजी ने अपने संबोधन में जोर देते हुए छात्राओं को भारत व दिल्ली के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बोलते हुए एलजी ने कहा कि समन्वय 2026 का हिस्सा बनकर मैं खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न पर विचार करते हुए, जिसमें वे इस बात पर ज़ोर देते हैं कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना मानवता की प्रगति अधूरी है। यह देखना अत्यंत प्रेरणादायक है कि इस ऐतिहासिक संस्थान की छात्रा महिलाओं के नेतृत्व वाले, आधुनिक और ज्ञान-आधारित विकास के एक नए युग को अपना रही हैं। एलजी ने कहा कि मैंने छात्राओं को समाज में सार्थक प्रभाव डालने के लिए प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया है।

## गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में एफएनबी कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन में हर साल 2 सीटें निर्धारित
- सुपर-स्पेशियलिटी प्रशिक्षण को और अधिक बढ़ावा देने और गंभीर रूप से बीमार बच्चों के बेहतर उपचार करना उद्देश्य

बाल चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने गुरु तेग बहादुर अस्पताल में पीडियाट्रिक्स (इमरजेंसी मेडिसिन) में फेलोशिप ऑफ नेशनल बोर्ड कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसमें प्रतिवर्ष 2 सीटें निर्धारित होंगी। गुरु तेग बहादुर अस्पताल में हर वर्ष लगभग 30000 से लेकर 35000 बाल आपातकालीन मरीजों का इलाज किया जाता है, जिसके मद्देनज़र पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन में सुपर-स्पेशियलिटी प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस कार्यक्रम के शुरू होने से इलाज की गुणवत्ता में सुधार होगा और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के इमरजेंसी इलाज में भी मदद मिलेगी। यह फेलोशिप ऑफ नेशनल बोर्ड कार्यक्रम नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस के अंतर्गत संचालित होता है, जो दो वर्ष का पोस्ट-एमडी सुपर-स्पेशियलिटी कोर्स है और वरिष्ठ रेजिडेंसी के समकक्ष है। प्रशिक्षुओं को मौजूदा रिक्त वरिष्ठ रेजिडेंट पदों की जगह समायोजित किया जाएगा, जिससे उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा और सरकार पर कोई अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा।

### महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर की प्रार्थना

# अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के अन्य नेता पहुंचे राजघाट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के अन्य नेता मंगलवार को महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पहुंचे और उन्होंने प्रार्थना की कि उन्हें बापू द्वारा दिखाए गए सत्याग्रह के मार्ग पर चलने की शक्ति मिले।

भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इस 'नाटक मंडली' को अपना नाटक बंद करना चाहिए और न्यायपालिका को अपना काम करने देना चाहिए। भाजपा की दिल्ली इकाई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, केजरीवाल जी शराब की दलाली पर जेल ही मिलती है, बापू का आशीर्वाद नहीं। यह घटनाक्रम केजरीवाल की ओर से आबकारी मामले में व्यक्तिगत रूप से या वकील के माध्यम से अदालत में पेश न होने और सत्याग्रह का मार्ग अपनाने का निर्णय लिये जाने के बीच सामने आया है। केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को पत्र लिखकर कहा है कि वे आबकारी मामले में उनकी अदालत में अपना पक्ष नहीं रखेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा को मंगलवार को पत्र लिखकर कहा कि वह आबकारी मामले में उनकी अदालत में पेश नहीं होंगे। राजघाट पर केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा, हम न्यायपालिका का सम्मान करते हैं, लेकिन कुछ परिस्थितियों के कारण हमें यह सत्याग्रह करना पड़ रहा है।

### गांधी की फोटो हटाने, शराब के ठेके खोलने वाले अब उनकी शरण में जाने का कर रहे ढोंग : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आम आदमी पार्टी के मुखिया और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर सत्याग्रह करने के मुद्दे पर निशाना साधा है। यादव ने कहा कि सीएम रहते हुए दिल्ली सरकार व पंजाब सरकार के कार्यालयों से महात्मा गांधी फोटो हटाने और कदम कदम पर शराब के ठेके खोलने वाले अरविंद केजरीवाल एंड पार्टी महात्मा गांधी की शरण में सत्याग्रह का ढोंग कर रहे हैं। यादव ने कहा कि राजघाट पर महात्मा गांधी की शरण में जाने से शराब घोटाले के भ्रष्टाचार के दाग धुलने वाले नहीं है। सत्ता का सुख भोगने और अवसरवादी राजनीति को अंजाम देने वाले केजरीवाल अब दोबारा जेल जाने के डर से सत्याग्रह का नाटक कर रहे है। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक पार्टी के मुखिया होने के बाद अरविंद केजरीवाल न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान क्यों नहीं करते। उन्होंने कहा कि गांधीवादी विचारधारा के खिलाफ जाकर दिल्ली की गलियों में शराब की नदियां बहाने वाले महात्मा गांधी का मजाक बना रहे है। केजरीवाल अपनी औच्छी राजनीति के लिए गांधी के मूल्यों का पालन करके सत्याग्रह पर चलने का केवल पाखंड कर रहे है।

## सांसदों के भाजपा में जाने पर आतिशी ने उठाए सवाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने के चुनावी वादे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर मंगलवार को सवाल उठाए और आम आदमी पार्टी (आप) के सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में शामिल होने को असंवैधानिक करार दिया।

आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले साल हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने जनवरी में वादा किया था कि राष्ट्रीय राजधानी की महिलाओं को उसी साल आठ मार्च से हर महीने 2,500 रुपये उनके बैंक खातों में मिलने लगेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं से अपने बैंक खातों को मोबाइल नंबर से लिंक करने के लिए कहा गया था और यह आश्वासन दिया गया था कि राशि जमा होने की पुष्टि का संदेश उन्हें मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ मार्च 2025 गुजर चुका है और अब आठ मार्च 2026 भी बीत गया लेकिन दिल्ली की महिलाओं के खातों में 2,500 रुपये नहीं आए हैं। आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस वादे के आधार पर महिलाओं के वोट हासिल किए और कहा कि शहर की महिलाएं अब भी इस वित्तीय सहायता के मिलने का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिलाओं को सार्वजनिक सेवाओं का लाभ लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### पेंशन बंद करने की धमकी देकर 51 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में साइबर ठगों द्वारा पेंशन बंद करने की धमकी देकर




एपीके फाइल भेजकर 51,500 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मानेसर क्षेत्र के कासन गांव में रहने वाले श्रीनिवास सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि 8 अप्रैल को उनके व्हाट्सएप पर कॉल आई थी। कॉल करने वाले खुद को पेंशन कार्यालय का कर्मचारी बताया।

### जाट संस्था के जितेन्द्र मोर प्रधान चुने गए

**फरीदाबाद।** जाट संस्था की आम सभा में तीन साल के लिए जितेंद्र मोर को प्रधान, राजेश खीचड़ को



महासचिव और सुरेश मलिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। 12 अप्रैल को संस्था की बैठक में पहले कार्यकारिणी के द्वारा किए गए कामों का ब्यौरा दिया। नवनियुक्त प्रधान जितेंद्र मोर ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे ईमानदारी से पूरा करेंगे। महासचिव ने कहा कि संस्था को तकनीक से आगे बढ़ाया जाएगा।

### युवक के अकाउंट से 93 हजार रुपए निकाले

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में साइबर ठगों ने युवक के अकाउंट से 93 हजार रुपए




निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत में राजेश कुमार ने बताया कि 2 अप्रैल को एचडीएफसी बैंक खाते से दो बार में 93 हजार निकल गए। जबकि न तो उनके पास ओटीपी आया और न ही उन्होंने अपने बैंक खाते संबंधी जानकारी शेयर की।

### हत्या के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। पुलिस द्वारा संगीन अपराधों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई



की जा रही है। 22-23 अप्रैल की रात, थाना डबुआ क्षेत्र में हत्या कर शव को कूड़े में फेंकने के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान प्रेमचंद तथा अजेन्द्र निवासी गांव लरौता, जिला हाथरस उत्तर प्रदेश हाल उत्तम नगर डबुआ फरीदाबाद के रूप में हुई है।

### फोन स्नैचिंग के मामले में गिरफ्तारी

**फरीदाबाद।** जवाहर कॉलोनी वासी एक युवती ने थाना सारन में



एक शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि 2 जून 2025 को ऑफिस से घर जाते समय लक्ष्मी डेयरी नजदीक उतराखन्ड भोजनालय के पास दो मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति, उसके हाथ से मोबाईल फोन छीन कर ले गये। जिस शिकायत पर थाना सारन में मामला दर्ज किया गया।

### लोन दिलाने के नाम पर 46970 की ठगी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही



है। साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने लोन दिलाने के नाम पर 46970 रुपये की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को 27 अप्रैल को नरवाना से गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अनिल कुमार निवासी गांव दनोदा कलां, जिला जींद तथा मनीष कुमार निवासी गांव फुलिया कलां, जिला जींद के रूप में हुई है।

## मकान की तीसरी मंजिल में लगी आग

# गली छोटी होने से नहीं पहुंच पाई फायर ब्रिगेड की गाड़ी, पड़ोसियों ने डाला पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

उपल्ला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सूर्या विहार में एक मकान की तीसरी मंजिल पर आग लग गई। गली छोटी होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी घटना स्थल तक नही पहुंच सकी। जिसके बाद आस-पास के लोगों ने घरों के पानी से कई घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। हालांकि इस आगजनी में जान की कोई हानि नही हुई है, लेकिन घर का पूरा सामान जल गया। पुलिस मामले की जांच



कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूर्या विहार पार्ट-3 में ओम एन्क्लेव के गली नंबर 4 के मकान में आग लग गई। आग मकान की तीसरी मंजिल पर लगी, पुलिस के मुताबिक इन्वर्टर में शॉर्ट सर्किट हुआ। जिसकी वजह से आग लगी है। आग लगते ही दूसरी मंजिलों पर रहने वाले लोग भी बाहर निकल आए। जिस मकान की तीसरी मंजिल में आग लगी, वह अविनाश नामक व्यक्ति का बताया गया है। तीसरी मंजिल पर एक परिवार किराए पर रह रहा था। आग लगने की सूचना जैसे ही लोगों को मिली भारी भीड़ वहां पर एकत्रित हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आग की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन गली बहुत छोटी होने के कारण गाड़ी आग लगने वाले मकान तक नही पहुंच पाई।

## लाखों लोगों का आवागमन होगा प्रभावित

# आगरा नहर किनारे दीवार बनाने का विरोध यूपी सरकार द्वारा कराया जा रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आगरा नहर के किनारे बनाई जा रही दीवार के विरोध में सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। लोगों का कहना है कि इस दीवार के निर्माण से उनके रोजमर्रा के रास्ते बंद हो जाएंगे, जिससे लाखों लोगों का आवागमन प्रभावित होगा। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आगरा नहर के सेक्टर 28-29 पुल के पास मवई



रोड पर बड़ी संख्या में लोग जुटे और उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग के खिलाफ विरोध जताया। लोगों के अनुसार पल्ला से लेकर खेड़ी पुल तक नहर किनारे दीवार बनाई जा रही है, जिससे नहर पर आने-जाने वाले सभी रास्ते बंद हो रहे हैं। वहीं, सिंचाई विभाग का कहना है कि यह जमीन उत्तर प्रदेश सरकार की है और उसी के अंतर्गत दीवार बनाई जा रही है। पूर्व पार्षद बिजेंद्र शर्मा ने बताया कि पल्ला से खेड़ी पुल के बीच गांव मवई, गढड़ा कॉलोनी समेत दर्जनों कॉलोनियों के लोग नहर किनारे के रास्तों का इस्तेमाल करते हैं। रोजाना लाखों लोग इन रास्तों से गुजरते हैं, लेकिन दीवार बनने के बाद उन्हें लंबा चक्कर लगाकर मुख्य सड़कों तक पहुंचना पड़ेगा।

## रोड सेफ्टी ऑडिट एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश, सभी एजेंसियों से मांगी रिपोर्ट

# गलत दिशा में ड्राइविंग पर कड़ा एक्शन चालान के साथ वाहन भी होंगे इम्पाउंड

डीसी आयुष सिन्हा ने मॉडल रोड की पर चर्चा करते हुए एफएमडीए को निर्देश दिए गए कि वे सड़कों के लिए एक मानक चेकलिस्ट तैयार करें, जिसमें प्रॉपर कैरिज-वे, मानक रोड मार्किंग, ट्रैफिक फर्नीचर, ड्रेनेज कवर और फुटपाथ जैसे बिंदु शामिल हों...

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

उपायुक्त आयुष सिन्हा की अध्यक्षता में आज स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार कक्ष में रोड सेफ्टी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सडक़ दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान, डेथ ऑडिट, रोड सेफ्टी ऑडिट तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधारात्मक कदम उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

आज आयोजित जिला सडक़ सुरक्षा समिति की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में सडक़ दुर्घटनाओं के आंकड़ों, विशेष रूप से नेशनल हाईवे पर मृत्यु दर को रोकने के लिए चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नेशनल हाईवे पर अवैध रूप से सडक़ पार करने वाले पैदल यात्रियों को रोकने के लिए

**सड़कों के लिए एक मानक चेकलिस्ट तैयार करने के निर्देश**

**दुर्घटना-संभावित क्षेत्र के स्पष्ट साइन बोर्ड लगाया जाएं**



एलसन चौक, जेसीबी और अनाज मंडी जैसे अति-संवेदनशील पॉइंट्स पर 20 दिनों के भीतर विशेष फाइबर, मेटालिक शीट और ग्रिल्स लगाई जाएंगी। डीसी आयुष सिन्हा ने मॉडल रोड की पर चर्चा करते हुए एफएमडीए को निर्देश दिए गए कि वे सड़कों के लिए एक मानक चेकलिस्ट तैयार करें, जिसमें प्रॉपर कैरिज-वे, मानक रोड मार्किंग, ट्रैफिक फर्नीचर, ड्रेनेज कवर और फुटपाथ जैसे बिंदु शामिल हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुंबई एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे पर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ केवल चालान ही नहीं, बल्कि वाहनों को इम्पाउंड करें।

### सड़कों का रोड सेफ्टी ऑडिट पूर्ण करें

डीसी आयुष सिन्हा ने सडक़ स्वामित्व वाली विभिन्न एजेंसियों को स्पष्ट कहा कि वे अपने अधीन आने वाली सड़कों का रोड सेफ्टी ऑडिट पूर्ण करें। एनएचएआई ने बताया कि उन्होंने अपने ऑडिट के सुझावों पर 95 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया है, जिसमें साइन बोर्ड, ब्लिंकर और मार्किंग शामिल हैं। वहीं, एचएसवीपी और एमसीएफ को उनके पेंडिंग टेंडर और ऑडिट प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने निर्देश दिया कि सभी एजेंसियां एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपें की ऑडिट में मिले सुझावों पर क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं।

### आरटीए सचिव मुनीश सहगल ने रोड सेफ्टी की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत किए

डीसी आयुष सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सड़कों पर दुर्घटना-संभावित क्षेत्र के स्पष्ट साइन बोर्ड लगाए जाएं, ताकि आम नागरिकों को सतर्क किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि दुर्घटनाग्रस्त सडक़ों की पहचान कर वहां गड्ढों, टूटी ग्रिल, खराब साइन बोर्ड और प्रकाश व्यवस्था जैसी कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

## वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा में कोई ढिलाई बर्दाश्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त आयुष सिन्हा आज सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में बने वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। उनके साथ सीटीएम अंकित कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक प्रबंधों का बारीकी से अवलोकन किया।

### सभी कैमरे लगातार सक्रिय रखने के निर्देश

इस दौरान अधिकारियों से वेयरहाउस की सुरक्षा, फायर एक्सटिंगिशर की उपलब्धता और सीसीटीवी सिस्टम की कार्यप्रणाली को लेकर विस्तृत जानकारी ली गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कैमरे लगातार सक्रिय स्थिति में रहने चाहिए।

### नियमित रूप से व्यवस्थाओं की समीक्षा करते रहें

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि ईवीएम.वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी न रहे। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से व्यवस्थाओं की समीक्षा करते रहें और आवश्यक सुधार तुरंत लागू करें।

## मंडी में आढ़ती के साथ की गई थी मारपीट

# 2 और आरोपियों को बल्लभगढ़ पुलिस की टीम ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

गांव फतेहपुर बिल्लौच स्थित अनाज मंडी में आढ़ती के साथ मारपीट करने के मामले में थाना सदर बल्लभगढ़ की टीम ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान दीपक एवं आरुष निवासी तूमसरा, जिला पलवल के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दीपक और आरुष मुख्य आरोपी समुन्द्र के भांजे के दोस्त हैं। समुन्द्र ने अपने भांजों को बताया था कि आढती ने 18 अप्रैल को उसके साथ मारपीट व बेइज्जती की है। जिस पर समुंद्र के भांजों ने अपने दोस्तों को इक_I किया और 20 अप्रैल को सभी आरोपी समुन्द्र के साथ फतेहपुर बिल्लौच स्थित अनाज मंडी पहुंचें, जहां पर समुन्द्र की पहचान पर आढ़ती रणजीत रावत



के साथ मारपीट की। दोनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 2 पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

गौरतलब है कि 20 अप्रैल को दिन के समय दो गाडियों में सवार होकर आए 10-12 बदमाशों ने गांव लडौली निवासी आढ़ती रणजीत रावत के साथ फतेहपुर बिल्लौच अनाज मंडी में मारपीट की थी। जिस पर थाना सदर बल्लभगढ़ में मारपीट तथा गैर इरादतन हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## जब्त की गई अफीम की बाजार में कीमत 5 लाख

# 2.219 किग्रा अफीम व 1.063 किग्रा गांजा बरामद, 2 नशा तस्कर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

27 अप्रैल को अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 2.219 किलोग्राम अफीम व 1.063 किलोग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए लक्ष्मी नारायण निवासी गांव कुकडेश्वर, जिला नीमच मध्य प्रदेश को 2.219 किलोग्राम अफीम सहित शिवालिक कॉलोनी एनआईटी-2 फरीदाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

लक्ष्मी नारायण ने बताया कि वह अपने गांव में अफीम की खेती करता है और अफीम को सरकार को बेचता है। अधिक मुनाफा के लालच में वह फरीदाबाद में अफीम बेचने आया था। जब्त की गई अफीम की बाजार में कीमत 5 लाख रुपए से अधिक है। जिसको माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन पुलिस रिमांड पर लिया है। वहीं एक अन्य मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने गुलशन कुमार को 1.063 किलोग्राम



गांजा सहित आगरा नहर पुल थाना खेडीपुल क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध थाना खेड़ीपुल में एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। गुलशन से पूछताछ में सामने आया कि वह बिहार से गांजा लाकर फरीदाबाद में बेचने के लिये आया था। जिसको माननीय न्यायालय में पेश कर 5 पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## अभेद्य ऐप और डुअल ओटीपी सिस्टम द्वारा नागरिकों की सुरक्षा

# साइबर अपराधियों और रंगदारी मांगने वालों पर कसी जाएगी नकेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों और रंगदारी मांगने वालों से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए दो महत्वपूर्ण अत्याधुनिक तकनीक कदम उठाए गये हैं। धमकी भरे कॉल्स और जबरन वसूली की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा एक अभूतपूर्व तकनीकी समाधान अभेद्य मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया है। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों व तकनीकी रूप से कम जागरुक लोगों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए डुअल ओटीपी सिस्टम लॉन्च किया है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल के मार्गदर्शन में नागरिकों को संदिग्ध डिजिटल गतिविधियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिये यह कदम उठाएं गये हैं।

**डुअल ओटीपी सिस्टम लॉन्च किया**



अभेद्य ऐप विशेष रूप से उन अंतरराष्ट्रीय कॉल्स, व्हाट्सएप संदेशों और वॉइस नोट्स को रोकने के लिये बनाया गया है जिनका उपयोग अपराधी वसूली या धमकी देने के लिए करते हैं। यह ऐप संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय स्थानों, अज्ञात नंबरों से आने वाली फैंक कॉल्स और मैसेज को ब्लॉक करने में बेहद प्रभावी है। यह तकनीक नागरिकों को धमकी भरे संदेशों से प्रोएक्टिव सुरक्षा प्रदान करती है।

**थ्रेट कॉल्स व एक्सटॉर्शन से भी बचाव**

### ऑटोमैटिक ब्लॉकिंग

यह ऐप अंतरराष्ट्रीय, वर्चुअल या मास्क किये गये अनजान नंबरों से आने वाली संदिग्ध कॉल्स और व्हाट्सएप संदेशों को आप तक पहुंचने से पहले ही ब्लॉक कर देता है। जिससे अपराधियों द्वारा फैलाई जाने वाली दहशत और ब्लैकमेलिंग से बचाव होता है।

### पुलिस ट्रैकिंग

भले ही कॉल आपके पास न पहुंचे, लेकिन बैक एंड पर पुलिस इन नंबरों का डेटा सुरक्षित रखती है ताकि अपराधियों को ट्रैक करके उन पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

### भरोसेमंद व्यक्ति के पास भी जाएगा ओटीपी

वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर फ्रॉड करने के मामलों में अपराध को रोकने के लिए प्रमुख बैंकों के सहयोग से यह सिस्टम लॉन्च किया है। वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किए जाने वाले डिजिटल ट्रांजेक्शन में अब एक अतिरिक्त ओटीपी उनके किसी भरोसेमंद व्यक्ति के पास भी जाएगा। जिससे ओटीपी आधारित धोखाधड़ी, हेरफेर और ब्लैकमेलिंग से बचाव होगा। यह सुरक्षा कवच विशेष रूप से उनके लिए बहुत उपयोगी होगा जो तकनीकी रूप से कम जागरूक हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभेद्य एप विदेशों से प्राप्त होने वाली थ्रेट कॉल्स व एक्सटॉर्शन से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है। फरीदाबाद पुलिस की साइबर सेल की टीम द्वारा तथ्यों के आधार पर आइडेंटिफिकेशन करके अभी तक 21 लोगों के मोबाइल फोन में अभेद्य एप डाउनलोड किया जा चुका है।

**कार्यालय, नगर पंचायत कूंरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**e-mail - npkunra2016@gmail.com**

क्रं./106/लो.नि.वि./न.पं. / 2026-27 — कूंरा, दिनांक 27.04.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (6th Call)**

Main: Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://uad.cg.gov.in

नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 189886 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kunra Under SBM 2.0 (6 Call) th | 238.14 | 1.50 | प्रारंभिक तिथि 28.04.2026 अंतिम तिथि 08.05.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कूंरा,जिला रायपुर (छ.ग.)

फ.सं.35-4/2025 - टीएस.III (पार्ट.)
भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
********

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कालीकट (केरल) और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में आगामी रिक्तियों के लिए निदेशक की नियुक्ति**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कालीकट (केरल) और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली प्रत्येक में निदेशक के एक-एक पद हेतु आगामी रिक्तियों को नियमों के अधीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति के समकक्ष यथा स्वीकार्य 11,250/- प्रति माह के विशेष भत्ते सहित 2,10,000/-(निश्चित) के नियत वेतनमान पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

एनआईटी के निदेशक से अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के नाते यह अपेक्षा की जाती है कि उनकी नेतृत्व गुणों के साथ प्रमाणित प्रशासनिक, शिक्षण और अनुसंधान की पृष्ठभूमि (पीएचडी स्तर पर अनुसंधान मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण अनुभव सहित) हों। नियुक्ति, अनुबंध के आधार पर पांच वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु की प्राप्ति तक, जो भी पहले हो, की जाएगी।

पात्र / इच्छुक व्यक्ति www.nitcouncil.org.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो 30.04.2026 से 29.05.2026 तक 12:00 बजे मध्यरात्रि तक खोली जाएगी। दोनों तिथियां शामिल हैं।

यदि अंग्रेजी संस्करण और हिंदी संस्करण के बीच कोई असंगतता या अस्पष्टता है, तो अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा।

अन्य आवश्यक जानकारी के साथ विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट http://education.gov.in और www.nitcouncil.org.in पर दिए गए हैं।


CBC-21275/11/0002/2627

## कोल इंडिया का मास्टर प्लान

# देश में घटेगा कोयला आयात बचेगा अरबों डॉलर का खर्च

एजेंसी ▶▶ धनबाद

देश में कोयले के आयात को कम करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड ने एक बड़ी योजना पर काम शुरू कर दिया है। कंपनी चाहती है कि भारत को बाहर से कम से कम कोयला मंगवाना पड़े और घरेलू उत्पादन से ही ज्यादातर जरूरतें पूरी हों। कोल इंडिया ने अगले 10 साल का विस्तृत रोडमैप तैयार करने की योजना बनाई है, जिसमें करीब 24.3 करोड़ टन कोयला आयात घटाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे आयात के मद होने वाली राशि को उपयोग देश के विकास सहित अन्य



कार्यों में खर्च किया जा सकेगा।

भारत अभी पॉवर, स्टीलऔर सीमेंट सेक्टर के लिए हर साल करीब 25 करोड़ टन कोयला आयात करता है। सीआईएल का लक्ष्य गैर-कोकिंग कोल का आयात लगभग शून्य करना है। इसके लिए नई खदानों, विस्तार परियोजनाओं और वाशरी क्षमता पर तेज काम होगा।

कोयला मंत्रालय के अनुसार, इस योजना से हर साल अरबों डालर की विदेशी मुद्रा बचेगी। यह कदम आत्मनिर्भर भारत' अभियान को जमीनी मजबूती देगा और 2036 तक भारत को कोयला क्षेत्र में लगभग आत्मनिर्भर बना देगा। इससे देश की ऊर्जा सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी और अनावश्यक रुपए खर्च भी नहीं होंगे।

## पेज एक का शेष

### आतंकवाद को लेकर ...

हमले में पाकिस्तानी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छद्म रूप टीआरएफ के आतंकियों ने कुल 26 निर्दोष लोगों को उनका धर्म पूछकर मौत के घाट उतार दिया था। जवाब में देश की सेनाओं ने 6-7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के 9 कैंपों में मौजूद 100 से ज्यादा दहशतगर्दों को मार गिराया। जिससे बौखलाए पाक ने भारत की पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और मिसाइलों से बड़ा हमला बोला था। लेकिन उसे इसमें भी कामयाबी नहीं मिली, सेनाओं ने सीमा पार मौजूद दुश्मन के तमाम सुरक्षा ठिकानों, एयरबेस, सैन्य संचार केंद्रों पर जमकर तबाही मचाई। जिससे परेशान होकर अंत में दुश्मन ने भारत के सामने संघर्षविराम करने की गुहार लगाई और 10 मई की शाम 5 बजे दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौता लागू हुआ। जो आज भी चल रहा है।

**न्यायोचित दंड से अछूते नहीं आतंकियों के गढ़ :** उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के उस दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया है कि आतंकवाद के गढ़ अब न्यायोचित दंड से अछूते नहीं रहेंगे। राष्ट्र की संप्रभुता पर हमला करने वाले राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है। राजनाथ ने एससीओ देशों के अपने समकक्षों से यह आह्वान भी किया कि हमें आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी बुराइयों से मुकाबला करने के लिए एक एकीकृत मोर्चा बनाने की आवश्यकता है। जिसमें आतंकियों की सुरक्षित शरण स्थली और किसी भी राजनीतिक अपवाद को खत्म करना शामिल है।

### बल प्रयोग नहीं ...

है। शक्ति की असली परीक्षा गरीबों और कमजोरों के खिलाफ उसका उपयोग करने में नहीं बल्कि उन लोगों के हित में उसका प्रयोग करने में हैं। जो अपनी रक्षा करने में असमर्थ हैं।

**नई व्यवस्था की है दरकार:** उन्होंने एससीओ के समक्ष सवाल उठाते हुए कहा कि क्या हमें एक नई विश्व व्यवस्था की जरूरत है या एक अधिक व्यवस्थित दुनिया की? हमें एक ऐसी व्यवस्था चाहिए जहां इस दुनिया के हर नागरिक के साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए। एक ऐसी व्यवस्था जहां मतभेद विवाद न बनें और विवाद अपवादों का कारण न बनें। राजनाथ ने कहा, आज का वास्तविक संकट व्यवस्था के अस्तित्वहीन होने का नहीं बल्कि स्थापित नियम आधारित विश्व व्यवस्था पर सवाल उठाने की प्रवृत्ति का है। समूह देशों को एक वैश्विक सहमति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जहां सह-अस्तित्व, करुणा, अराजकता, प्रतिस्पर्धा और संघर्ष पर प्राथमिकता प्राप्त करें। महात्मा गांधी के संदेश को याद करते हुए कहा कि आंख के बदले आंख सभी को अंधा कर देती है। ऐसे में हमें हर कार्य से पहले ये याद रखना चाहिए कि वो किसी गरीब, जरूरतमंद के जीवन में कितना बदलाव ला सकता है?

**बताया एससीओ का सामर्थ्य :** संगठन के पास शांति और स्थिरता में योगदान देने के लिए आवश्यक शक्ति और दृढ़ संकल्प दोनों मौजूद हैं। प्राचीन भारतीय दर्शन में वसुधैव कुटुंबकम में जाति-धर्म के तमाम तरह के मतभेदों को दूर करते हुए एकजुटता की भावना निहित है। आतंकवाद तथा इससे जुड़ी दो अन्य चुनौतियों से बिना किसी अपवाद के निपटकर हम क्षेत्रीय सुरक्षा को एक चुनौती से शांति और समृद्धि की आधारशिला में बदल सकते हैं। उन्होंने 2025 में जारी किए गए तियानजिन घोषणापत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें आतंकवाद के विरूद्ध भारत का दृढ़ और सामूहिक रुख स्पष्ट होता है। यह आतंकवाद और इसके अपराधियों को लेकर देश के शून्य सहिष्णुता दृष्टिकोण का प्रमाण प्रस्तुत करता है। सामूहिक विश्वसनीयता की असली कसौटी निरंतरता में शामिल है।

**2001 में हुई एससीओ की स्थापना:** एससीओ की स्थापना 15 जून 2001 में चीन के शंघाई में हुई थी। यह एक अंतर-सरकारी संगठन है। भारत वर्ष 2017 में समूह का एक पूर्णकालिक सदस्य बना। जबकि 2023 में उसने इसकी अध्यक्षता की थी। मौजूदा समय में एससीओ के सदस्य देशों के रूप में चीन, रूस, पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं।

### भारत को हिंदू...

भागवत ने कहा है कि देश के नेतृत्व की इच्छाशक्ति,प्रतिबद्धता और जन-समर्थन की वजह से राम मंदिर बना है। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले भारत की मजाक उड़ाते थे, वह भी इसे हिंदुओं की भूमि कहने लगे हैं। सोमवार को नागपुर में अयोध्या के राम मंदिर के निर्माण की अगुवाई करने वालों लोगों के सम्मान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबंधित करते हुए डॉ. भागवत ने यह बात कही। इस कार्यक्रम का आयोजन नागपुर के रेशमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति ने आयोजित किया। डॉ. भागवत बोले कि अयोध्या का राम मंदिर भगवान राम की इच्छा से बना है। इसके लिए भगवान कृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाए जाने का जिक्र किया और कहा कि यह तभी संभव होता है, जब सामूहिक प्रयास होते हैं। उन्होंने कहा कि यह भगवान की अंगुलियों पर टिका है, लेकिन अंगुली तब तक नहीं हिलती, जब तक लोग अपनी लकड़ियां नहीं लगाते। मंदिर इसी तरह से बनाया गया।

### पूर्वोत्तर को बताया ...

समारोह में शामिल हुए। उन्होंने बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि जैसे क्षेत्रों में फैली परियोजनाओं का उद्घाटन, शुभारंभ और आधारशिला रखी।

**ऑर्किडेरियम की सुंदरता से हुए मंत्रमुग्धः** तीसरी पोस्ट में उन्होंने ऑर्किडेरियम गंगटोक के दौरे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां की सुंदरता ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया और सिक्किम की समृद्ध जैव विविधता अद्भुत है, जो प्रकृति के साथ गहरे सामंजस्य और सतत जीवनशैली का संदेश देती है। पालजोर स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सरकार एक्ट ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट फास्ट के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

**कनेक्टिविटी से बढ़ेगा पर्यटनः** प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन की संभावनाओं का पूरा लाभ मजबूत कनेक्टिविटी से ही मिल सकता है। केंद्र सरकार क्षेत्र में सड़क, रेल और हवाई संपर्क को तेजी से विकसित कर रही है।

**रेल और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर दिया जोर :** पीएम मोदी ने बताया कि सेवोक-रंगपो रेल लाइन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिसके पूरा होने पर सिक्किम को पहली बार रेल संपर्क मिलेगा। साथ ही बागडोगरा को गंगटोक से जोड़ने वाले प्रस्तावित एक्सप्रेसवे का भी जिक्र किया, जिससे यात्रा समय में कमी आएगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### यहां अब लड़कों ..

होगी। उन्होंने बताया कि 2025 के सीजन में मणिपुर ने बीसीसीआई के पाच घरेलू टूर्नामेंटों के फाइनल में जगह बनाई और अंडर-19 वर्ग में दो खिताब अपने नाम किए। मणिपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी खिलाड़ी स्थानीय हैं, जिन्हें एसोसिएशन ने पिछले कई वर्षों में तैयार किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नई इंडोर एकेडमी आने वाले वर्षों में क्रिकेट के क्षेत्र में मणिपुर के लड़कों और लड़कियों के प्रदर्शन को और भी बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

यहां पर 2 किमी लंबी सांस्कृतिक सड़क यात्रा का आयोजन किया : प्रधानमंत्री ने दो किलोमीटर लंबी सांस्कृतिक सड़क यात्रा का आयोजन किया। जिसमें उत्साहित निवासियों ने तिरंगा लहराते हुए और पारंपरिक पोशाक पहने हुए उनका स्वागत करने के लिए सड़कों के दोनों किनारों पर कतारें लगा दीं।सोमवार को इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पद्म पुरस्कार विजेताओं और विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ ज्ञानवर्धक बातचीत की।

### 5 वर्षीय कार्यान्वयन ...

तैयारी पहले से करें, ताकि प्रदेश की तरक्की की रफ्तार और तेज हो सके। यह दिया एक्शन प्लान मुख्यमंत्री सैनी ने एक्शन प्लान संबंधित हिदायत देते हुए कहा कि आगामी 5 वर्षों की प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से निर्धारित की जाएं और उन्हें वर्ष-दर-वर्ष मापने योग्य बनाया जाए, ताकि प्रगति की नियमित समीक्षा संभव हो सके।

### कब्र से 'बहन ....

मिलने के बाद पुलिस बैंक पहुंची और तुरंत मामले में हस्तक्षेप किया। जीतू का कहना है कि मैं कई बार बैंक गया, और वहां के लोगों ने मुझसे कहा कि मैं खाताधारक को साथ लेकर आऊं। हालांकि मैंने उन्हें बताया कि उसकी मौत हो चुकी है, लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। इसलिए, मैंने कब्र खोदी और सबूत के तौर पर उसका कंकाल बाहर निकाल लाया।

### केंद्र का दावा : देश ...

5 किलो के सिलेंडरों की आपूर्ति दोगुनी कीः उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रवासी मजदूरों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पांच किलोग्राम वाले फ्री-ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति दोगुनी कर दी गई है। अप्रैल महीने में अब तक 1 लाख 75 हजार टन से अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री हो चुकी है, जबकि केवल कल के दिन 9 हजार 578 टन एलपीजी की आपूर्ति दर्ज की गई।

**जेद्दा बंदरगाह के उपयोग की सलाह :** इस बीच, पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए वस्त्र मंत्रालय भी हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। वस्त्र मंत्रालय के व्यापार सलाहकार बिपिन मेनन ने कहा कि शिपिंग व्यवधान और लॉजिस्टिक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। निर्यातकों को वैकल्पिक समुद्री मार्गों और जेद्दा जैसे बंदरगाहों के उपयोग की सलाह दी गई है ताकि निर्यात गतिविधियां प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि ईंधन और गैस की आपूर्ति फिलहाल औसत खपत के लगभग 80 प्रतिशत स्तर पर स्थिर बनी हुई है, जिससे औद्योगिक गतिविधियों पर किसी बड़े संकट की आशंका नहीं है।

**स्थिति नियंत्रण में:** केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के बावजूद देश में आवश्यक ऊर्जा आपूर्ति, व्यापारिक गतिविधियों और समुद्री सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। सरकार सभी संबंधित मंत्रालयों के साथ समन्वय बनाकर स्थिति को नियंत्रित और सामान्य बनाए रखने के लिए लगातार काम कर रही है।

## अजय कुमार लल्लू बोले- उत्तर प्रदेश में जंगलराज, लेकिन मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों में जाकर फ़िल्मी डायलॉग बोलते हैं

# दलितों और पिछड़ों के खिलाफ उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

- *कई घटनाओं में पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में*
- *भाजपा अपराधियों के खिलाफ मूकदर्शक बनी हुई*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत विभिन्न भाजपा शासित प्रदेशों में दलितों और पिछड़ों के खिलाफ कथित तौर पर उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं पर जोरदार हमला बोला है। कांग्रेस अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में विश्वकर्मा समाज की एक बेटी के दुष्कर्म-हत्या का मामला उठाते हुए पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को रोके जाने पर सवाल उठाए और मौजूदा हालात को अघोषित आपातकाल करार दिया। राजेंद्र पाल गौतम नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और ओडिशा प्रभारी अजय कुमार लल्लू तथा पूर्व सांसद रवि वर्मा के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।



### मौलिक अधिकारों का हनन किया

*गौतम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सवाल किया कि क्या अघोषित आपातकाल लगा दी गई है? क्या कांग्रेस नेता अपराधी हैं कि उन्हें रोकने के लिए इतना पुलिस बल लगा दिया गया। उन्होंने यह भी पूछा कि कांग्रेस नेताओं को वाराणसी में उनके पार्टी कार्यालय भी क्यों नहीं जाने दिया गया? उन्होंने कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार करने और उनके मौलिक अधिकारों का हनन करने वाले पुलिस के अधिकारियों और डीएम पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।*

### गाजीपुर के पीड़ित परिवार से नहीं मिलने दिया

कांग्रेस नेता ने बताया कि सोमवार को उनके साथ अनिल जयहिंद, अजय कुमार लल्लू, रवि वर्मा, सुभाषिनी यादव, जितेंद्र बघेल और राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध समेत पार्टी के कई नेता गाजीपुर के पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। उनके दौरे को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वाराणसी एयरपोर्ट पर ही उन्हें रोक दिया गया और गाजीपुर नहीं जाने दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा धारा 163 लागू होने का हवाला दिया गया और पार्टी नेताओं को वाराणसी के कांग्रेस कार्यालय भी जाने नहीं दिया गया। पुलिस द्वारा उन्हें कैदियों की वैन में बिठाकर थाने ले जाया गया और पूरे दिन वहां रखा गया। उन्होंने प्रशासन पर कानून के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि गाजीपुर के डीएम ने धारा 163 के अपने आदेश में पीड़िता की पहचान उजागर कर दी।

### भाजपा दमनकारी नीति अपना रही

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा दमनकारी नीति अपना रही है और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी सत्ता के इशारों पर अपनी ताकत का इस्तेमाल विपक्ष, दलितों, पिछड़ों की आवाज को दबाने के लिए कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए गौतम ने गाजीपुर की घटना के साथ हरदोई में कुशवाहा समाज की बेटी की हत्या और प्रतापगढ़ में एक दलित लड़की की हत्या कर उसे पेड़ से लटकाए जाने के हालिया मामले सामने रखे। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने जाने वाले विपक्षी नेताओं को रोका जाता है और जो वहां पहुंचने में सफल हो जाते हैं, उन पर दबंगों द्वारा हमला होता है लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है, उल्टा विपक्षी नेताओं पर ही कार्रवाई की जाती है।

### पांच राज्यों में दलित उत्पीड़न के 76 प्रतिशत मामले

*कांग्रेस नेता ने मध्य प्रदेश में एक दिव्यांग दलित दूल्हे को घोड़ी से उतारकर मारपीट करने और राजस्थान में 16 वर्षीय किशोर को पुलिस हिरासत में बुरी तरह पीटने जैसी घटनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा-शासित पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और महाराष्ट्र में दलित उत्पीड़न के 76 प्रतिशत मामले सामने आए हैं। गौतम ने कड़े शब्दों में कहा कि भाजपा दलितों, पिछड़ों और बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के संविधान से नफरत करती है।*

### यूपी में महिलाओं पर अत्याचार के प्रति वर्ष 65 मामले

*वहीं अजय कुमार लल्लू ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को जंगलराज करार दिया। उन्होंने एनसीआरबी डेटा का हवाला देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में हर वर्ष महिलाओं पर अत्याचार के 65 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हो रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष किया कि राज्य में अपराध का यह आलम है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूसरे प्रदेशों में जाकर फ़िल्मी डायलॉग बोलते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई गंभीर घटनाओं में पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए मूकदर्शक बनी हुई है, जबकि विपक्षी नेताओं को रोकने में प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है।*





# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।

लाइफ Style



# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

**नई दिल्ली।** एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7

**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया



है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।'इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है।'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लाडाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।



# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

### कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

### लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

### खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षीः टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*



**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रोपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

अब तक हटाए गए अतिक्रमण को लेकर बेंच में प्रस्तुत की रिपोर्ट

# एनजीटी में सुनवाई: भदभदा से बड़े तालाब तक के बीच शेष अतिक्रमण हटाने बीएमसी ने मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोनल बेंच में शहर के भदभदा से बड़े तालाब के बीच अतिक्रमण हटाने के मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। इस मामले में याचिकाकर्ता आर्या श्रीवास्तव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता धरमवीर शर्मा ने बेंच को बताया कि अभी तक चिह्नित सभी अतिक्रमण नहीं हटाए गए हैं। इस पर भोपाल नगर निगम ने सभी चिहिन्नत अतिक्रमणों का हटाने के मामले में अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत की है। अब हटाए गए अतिक्रमण के साथ ही शेष अतिक्रमण को हटाने के लिए बीएमसी ने बेंच से कुछ समय और मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से बेंच को बताया गया कि भोज वेटलैंड पर 227 के करीब अनाधिकृत अतिक्रमण पाए गए हैं, जिनमें से कुछ अतिक्रमण अभी नहीं हटाए गए हैं। इधर, भोपाल नगर निगम की ओर से उपरोक्त अतिक्रमण में से अधिकांश को हटाने का दावा किया गया है। शेष अतिक्रमण हटाने बेंच से कुछ समय और मांगा गया है।


भदभदा रोड पर कब्जे हटाने की कार्रवाई की गई। (फाइल फोटो)

### आदेश की कॉपी नहीं मिलती

इस मामले में एक धर्म स्थल भी अतिक्रमण के दायरे में चिह्नित किया गया है। इसे हटाने के मामला में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की ओर से बेंच को बताया गया कि याचिकाकर्ता की ओर से कॉपी उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई है। एप्लीकेंट की ओर से आदेश की कॉपी नहीं मिलने से कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

### क्या है पूरा मामला

याचिकाकर्ता आर्या श्रीवास्तव ने एनजीटी में पिटीशन के माध्यम से बताया कि भदभदा से बड़े तालाब के बीच बड़े स्तर पर अतिक्रमण किया गया है, जो भोज वेटलैंड नियमों के विरुद्ध होने के साथ ही अन्य कई नियमों का उल्लंघन करता है। इस मामले में लंबे समय से बेंच में सुनवाई के दौरान बेंच ने प्रशासन और भोपाल नगर निगम को सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इनमें कुल 227 अतिक्रमण चिह्नित किए गए थे, जिनमें से अधिकांश हटाए जा चुके हैं। अतिक्रमण के दायरे में बताए जा रहे एक धार्मिक स्थल के मामले में वक्फ बोर्ड की ओर से जवाब प्रस्तुत किया गया। अब शेष अतिक्रमणों को हटाने के लिए बीएमसी ने बेंच से और समय मांगा है।

मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

# विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर से हुआ प्राइवेट, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

माशिमं के 10वीं 12वीं के विद्यार्थियों की परेशानी का मामला हरिभूमि ने प्रमुखता से किया था प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खबर का असर

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर की जगह प्राइवेट आने का मामला हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने माशिमं को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ की मामले की रिपोर्ट भी दो सप्ताह के भीतर तलब की है।

दरअसल, भोपाल में अधिकारियों की लापरवाही से 10वीं एवं 12वीं के कई विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर की जगह प्राइवेट लिखे होने का मामला सामने आया है। साल भर स्कूल जाकर नियमित पढ़ाई करने के बावजूद कई स्कूलों के विद्यार्थियों की अंकसूची में रेगुलर की जगह प्राइवेट लिखा हुआ है। इस कारण विद्यार्थियों को कई तरह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर के करीब चार दर्जन स्कूलों के करीब 15 हजार विद्यार्थी इससे प्रभावित बताए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एमपी बोर्ड की मेरिट में सांदीपनि के 58 विद्यार्थी

**भोपाल।** प्रदेश में संचालित सांदीपनि विद्यालय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की अनूठी नजीर पेश कर रहे हैं। एमपी बोर्ड के हाल ही जारी 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालयों के 58 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट में स्थान पाने में सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं, एमपी बोर्ड की इन परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम साल दर साल बेहतर हो रहा है। विगत चार वर्षों में सांदीपनि विद्यालयों ने 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में 20 से 28 प्रतिशत तक का सुधार दर्ज कराया है। वर्ष 2023 में एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 68 था, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 88 प्रतिशत तक पहुंच गया। वहीं 10वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत भी 46 से बढ़कर 75 प्रतिशत से अधिक हो गया है। वहीं 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत वर्ष 2023 के 59 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2026 में बढ़कर 87 प्रतिशत से अधिक हो गया।

### क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर हजारों ठगे

**भोपाल।** कस्तूरबा नगर निवासी निखिल साहू, एमपी नगर जोन-2 ने शिकायत दर्ज कराई थी कि क्रेडिट कार्ड चालू कराने के नाम पर एक युवक ने 73 हजार से अधिक की साइबर ठगी की है। उसने एसबीआई क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताकर पेनाल्टी का डर दिखाया, फिर लिंक भेजकर ओटीपी हासिल कर लिया और खाते से रकम उड़ा दी। करीब तीन साल की जांच के बाद साइबर क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

मंगला आरती, मंदिर के द्वार पर सातिया की स्थापना और दधीकांदा उत्सव

# श्रद्धाभाव के साथ मनाया हित हरिवंशचंद्र का प्राकट्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री राधाबल्लभ मंदिर रूपा बाई ट्रस्ट इब्राहिमपुरा की ओर से राधा वल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक हित हरिवंशचंद्र महाप्रभु का 553वां प्राकट्योत्सव सोमवार को श्रद्धाभाव से मनाया गया। राधावल्लभ संप्रदाय की रसरीती को वैष्णव रसिकजनों के हृदय तक पहुंचाने वाले बंसीजी के अवतार हित हरिवंश महाप्रभु के प्राकट्योत्सव के अवसर पर सुबह सात बजे मंगला आरती, मंदिर के मुख्य द्वार पर दोनों तरफ सातिया की स्थापना, दोपहर 12 बजे दधीकांदा उत्सव हुआ। इसमें रसिकजनों ने अपने सर पर मटकी लेकर भजनों की धुन पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान मखाने व मेवे आदि लुटाए गए। प्रसादी का वितरण किया गया।


श्री राधावल्लभ।


मंदिर में श्रद्धालु।

### नर्मदा टाइगर राजा हिरदेशाह शौर्य यात्रा आज, बुंदेला विद्रोह के बलिदानियों का किया जाएगा स्मरण

**भोपाल।** जंबूरी मैदान में मंगलवार को होने वाली शौर्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जनजातीय वीरों को सम्मान किया जाएगा। जिसमें 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक, वीर योद्धा नर्मदा टाइगर राजा हिरदेशाह लोधी की गौरव गाथा को समर्पित रहेगा। इस कार्यक्रम में आजादी के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले बलिदानियों का स्मरण किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहेंगे। तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शामिल होगी। अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोधी क्षत्रिय महासभा मध्य प्रदेश, राजा हिरदेशाह शोध संस्था तथा गोंड महासभा के तत्वावधान में आयोजित शौर्य यात्रा में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, अखिल भारतीय लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एटा उत्तर प्रदेश के विधायक विपिन वर्मा डेविड एवं पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

#### इस दौरान ऐसी रहेगी यातायात व पार्किंग व्यवस्था

- नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी, मंडला, सतना, मैहर कटनी से आने वाली बसें (पीला स्टीकर) होशंगाबाद रोड, मिसरोद, आशिमा मॉल, बागसेवनिया चौराहा, आर.आर.एल. तिराहा, एम्स रोड, बरखेड़ा पठानी होकर जम्बूरी मंच के बाये ओर सेंट जेवियर स्कूल के पीछे पार्किंग स्थल में पार्क होगी।
- रायसेन, विदिशा, सागर, पन्ना, टीकमगढ़, दमोह, छतरपुर, पिछोर, अशोकनगर, निवाडी से आने वाली बसें सांची रायसेन बायपास होकर बिलखिरिया, पटेल नगर बायपास चौराहा से लेफ्ट टर्न लेकर खजुरी कला गांव से एसओएस रोड होकर जंबूरी मैदान में मंच के दायीं ओर खजूरी तरफ पार्क होगी।
- राजगढ़, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, भिंड, मुरेना, दतिया, साजापुर, सुजालपुर से आने वाली बसें (केसरिया स्टीकर)-श्यामपुर, दोराहा से मुबारकपुर बायपास, गांधीनगर, जेल रोड, करोंद, भानपुर चौराहा से ओवर ब्रिज चढ़कर अयोध्या बायपास, मिनाल के अन्दर से जेके रोड होते हुए पिपलानी पेट्रोल पंप, इलाहबाद बैंक तिराहा, एसओएस बाल ग्राम रोड होकर जंबूरी मैदान में मंच के दायीं ओर खजूरी तरफ पार्क होगी।

# चार की वजह 8 डॉक्टर बना रहे अमरनाथ यात्रा के हेल्थ सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित देशभर में अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी, जो 28 अगस्त को रक्षाबंधन तक चलेगी। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिन रिंकू भटेजा ने बताया कि अमरनाथ यात्री को यात्रा परमिट बनवाने से पहले श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा अधिकृत डॉक्टरों द्वारा कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनवाना अनिवार्य होता है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष श्राइन बोर्ड द्वारा भोपाल के लिए चार डॉक्टरों का नाम घोषित किया था इसमें दो डॉक्टरों का नाम गलत अंकित किए गए थे। मंडल ने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड को सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराया था। साथ ही अब भोपाल में 8 डॉक्टर कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनाने के लिए अधिकृत है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने निर्णय लिया है। अभी फिलहाल दिनांक 3 अगस्त तक ही यात्रा परमिट बनाए जाएंगे।



# नेशनल हाइवे पर सड़क छाप स्टंट तेजी से वायरल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नेशनल हाईवे पर एक खतरनाक घटना सामने आई है। स्कूटी पर तीन सवारों द्वारा 'लैला-मजनू' स्टाइल में स्टंट किया गया। उनकी यह हरकत कैमरे में कैद हो गई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें युवक-युवती बीच सड़क पर रोमांस और स्टंट करते दिख रहे हैं। उन्होंने सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई हैं। यह कृत्य सड़क पर मौत से खेलने जैसा है। इसे सरेआम सड़क पर एक खतरनाक प्रेम कहानी का प्रदर्शन बताया जा रहा है। कपल की इस लापरवाही ने ट्रैफिक नियमों को खुली चुनौती दी है।



# शंका से होता है प्राणी का सुनिश्चित समूल विनाश: पं. सुशील


पं. सुशील महाराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री शिव शक्ति धाम सिद्धश्रम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन सोमवार को पंडित सुशील महाराज ने सती चरित्र की कथा सुनाते हुए भक्तों को बताया कि शंका से प्राणी का विनाश सुनिश्चित होता है। आदि शक्ति मां सती ने श्री राम के ऊपर शंका करके अपना विनाश सुनिश्चित कर लिया था। श्री राम की परीक्षा लेने के लिए मां सती ने जगत जननी मां सीता का स्वरूप धारण करके बहुत बड़ी गलती कर ली थी। क्योंकि भोले शिव भगवान श्री राम को अपना इष्ट मांनते थे और प्रभु श्री राम भोले बाबा को अपना इष्ट मांनते थे। जब मां सती ने जगत जननी मां सीता का स्वरूप धारण किया। उसी समय से भोले बाबा ने सती को अपने इष्ट की पत्नी के समान मान लिया और उनका मन से त्याग कर दिया था। सती देह में अव वह अब सती को अब आगे पत्नी के रूप में स्थान नहीं देंगे। पं सुशील महाराज ने कहा कि इसलिए इस प्रसंग से शिक्षा लेकर प्रत्येक मनुष्य को यह संकल्प लेना चाहिए कि शंका की बीमारी को वह अपने मन से सदैव दूर रखेंगे। अपने घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास स्थापित करेंगे। श्री शिव महापुराण की कथा में दौलत सिंह कुशवाहा एवं उनके पुत्र ने कथा वाचक पंडित सुशील महाराज का गमछा एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। गुना से पधारे भगवत सिंह रघुवंशी, पप्पू चौधरी तथा गोवर्धन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश से पधारे धीरज शर्मा एवं जमुना कुशवाहा, भवानी कुशवाहा, कमल सिंह जाट ने श्री शिव महापुराण की पूजा कर आरती उतारी।

■ श्री शिव शक्ति धाम सिद्धश्रम में श्री शिव महापुराण कथा

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने घेराबंदी कर किया आरोपी को गिरफ्तार

# एटीएम चोरी की बड़ी वारदात से पहले ही आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में पुलिस ने एटीएम चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने से पहले एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी ने परिवहन व्यवसाय में हुए नुकसान और कर्ज के दबाव में आकर चोरी की योजना बनाई थी। हालांकि, वह अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सका और पुलिस की गिरफ्त में आ गया। यह मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस को बीती रात करीब 3 बजे गेरवानी के पास स्थित एटीएम में संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली। इस सूचना के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां आरोपी एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त कर नकद निकालने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपी पंकज कुमार पासवान को हिरासत में ले लिया। उसके पास से वारदात में प्रयुक्त गैस कटर बरामद किया गया।



### एटीएम मशीन को साढ़े तीन लाख का नुकसान

इस घटना में एटीएम मशीन को तकरीबन 3 लाख 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इंडिया वन प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी दीपक दास महंत की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

### सीसीटीवी पर किया था काले रंग का स्प्रे

*आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे पर काले रंग का स्प्रे किया था। साथ ही उसने अपने चेहरे पर भी स्प्रे किया था और रेनकोट पहना था। यह सब उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए किया था। पुलिस की मुस्तैदी से एक बड़ी चोरी टल गई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी पंकज पासवान ने बताया कि वह संयंत्र में वेल्डिंग का काम करता था। परिवहन व्यवसाय में हुए नुकसान और कर्ज के दबाव के चलते उसने एटीएम से चोरी की योजना बनाई थी। उसकी योजना थी कि वह एटीएम से नकद निकालकर अपना कर्ज चुकाएगा।*

सीएम साय ने श्रम विभाग के कार्यों और योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा की

# 'ई-श्रम साथी' मोबाइल एप्लीकेशन डिजिटल लेबर चौक का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में श्रम विभाग के कार्यों और योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि मैदानी अमला पूरी प्रतिबद्धता के साथ श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करे।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। इस अवसर पर श्रम मंत्री लखन देवांगन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में श्रमिकों के हित में व्यापक पहल हुई है और चार नई श्रम संहिताएं लागू की गई हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रमिकों को सुरक्षित, संरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रम विभाग एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, जो बड़े पैमाने पर श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।



### श्रमिकों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

इस अवसर पर सीएम ने श्रमिकों को घर बैठे रोजगार की जानकारी सहज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'ई-श्रम साथी' मोबाइल एप्लीकेशन छत्तीसगढ़ डिजिटल लेबर चौक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की मेहनत देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है, इसलिए उनके योगदान का सम्मान और उनके हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। समीक्षा बैठक में श्रम विभाग की संरचना, श्रमायुक्त संगठन, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा तीनों प्रमुख मंडलों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रदेश के सभी जिलों में श्रम कार्यालयों के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन और समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ दोनों सुनिश्चित हो सके।


छग बोर्ड के 10वीं-12वीं परीक्षा परिणाम आज

# आज मिलेगा साल भर की मेहनत, अनुशासन का फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे छात्रों के लिये अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं-12वीं परीक्षा परिणाम आज को जारी किये जाएंगे। इसकी घोषणा शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने की है।

आज दोपहर ढाई बजे मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के कक्ष क्रमांक एस-2-12 में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव परीक्षा परिणाम जारी करेंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये विभिन्न अधिकृत वेबसाइटों के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा परिणाम देखने की व्यवस्था भी की है। शिक्षा मंत्री यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि इंतजार की घड़ियां अब समाप्ति की ओर हैं। दोपहर 02:30 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किए जाएंगे।





शादी में शामिल होने आया था परिवार, रेस्क्यू टीम की मदद से सर्च अभियान जारी

# तांदूला नहर में नहाने गए तीन लोग डूबे, पिता की मौत, बेटी लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी में एक दुखद घटना हुई है। तांदूला नहर में नहाने गए तीन लोग तेज बहाव में बह गए। इस घटना में पिता यमन गंजीर की मौत हो गई है, जबकि उनकी 12 वर्षीय बेटी पल्लवी गंजीर अभी भी लापता है।

स्थानीय लोगों ने एक अन्य रिश्तेदार युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। ग्राम धोबनपूरी निवासी यमन गंजीर (लगभग 35 वर्ष) अपनी बेटी पल्लवी के साथ ससुराल पीपरछेड़ी आए थे। वे एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। इसी दौरान वह अपनी बेटी और एक अन्य युवती के साथ नहर में नहाने गए।



### पिता का शव मिलने पर गांव में छाया मातम

मौके पर पुलिस और राहत दल लगातार खोजबीन में जुटे हुए हैं। पिता के शव मिलने के बाद गांव में मातम फैल गया है। यह घटना एक शादी समारोह के दौरान हुई, जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं। परिवार और ग्रामीणों में इस घटना से गहरा शोक है। तांदूला नहर में अक्सर इस तरह की बह जाने वाली घटनाएं सामने आती हैं। प्रशासन को ऐसी जगहों पर सुरक्षा के उचित इंतजाम करने चाहिए।

### पानी छोड़ने के कारण तेज था बहाव

तांदूला जलाशय से लगभग 8 फीट पानी छोड़ा गया था। इसके कारण नहर में तेज बहाव था। लोग अक्सर यहां नहाने जाते हैं, लेकिन तेज बहाव की चपेट में आने से संभल नहीं पाते। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तांदूला जलाशय से नहर का पानी बंद कराते हुए रेस्क्यू टीम की मदद से सर्च अभियान शुरू किया। रेस्क्यू टीम को घटना स्थल से करीब 400 मीटर दूर नहर में फंसा हुआ यमन गंजीर का शव बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से बेटी पल्लवी गंजीर की तलाश की जा रही है।

### नहीं सह सका पत्नी की बेवफाई, पति ने प्रेमी के घर के सामने लगाई फांसी

**बालोद।** रिश्तों के कत्ल और भावनाओं के टूटने की एक सनसनीखेज वारदात बालोद जिले के ग्राम चौरेल से सामने आई है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के चंगुल से छुड़ाने की नाकाम कोशिश के बाद प्रेमी के घर के सामने ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पिछले तीन दिनों से अपनी पत्नी के सामने घर लौटने की मिन्नतें कर रहा था। लेकिन पत्नी के इनकार ने उसे मौत की राह चुनने पर मजबूर कर दिया।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

घटना की रात परमानंद के सब्र का बांध टूट गया। पत्नी के अंतिम इनकार और तिरस्कार से आहत होकर उसने एक खौफनाक कदम उठाया। उसने शनिवार देर रात प्रेमी के घर के ठीक सामने लगे एक पेड़ (या उपलब्ध ऊंचे स्थान) पर फंदा बनाया और अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रविवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर फंदे पर लटके शव पर पड़ी, तो इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही अर्जुन्दा थाना प्रभारी इंद्रा वैष्णव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं।

चिंतन

# धार्मिक कट्टरता समाज के लिए गंभीर चुनौती

देश के सामने आतंक और कट्टरता का चेहरा तेजी से बदल रहा है। जो खतरा कभी सीमित इलाकों, खासकर जम्मू-कश्मीर तक माना जाता था, वह अब महानगरों तक फैलता नजर आ रहा है। मुंबई की हालिया घटना ने साफ कर दिया है कि 'लोन वुल्फ' हमले, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पनपती कट्टर सोच और धर्म के नाम पर हिंसा अब हर शहर के लिए चुनौती बन चुके हैं। संगठित नेटवर्क से हटकर जब व्यक्ति खुद ही विचारधारा को हथियार बना ले, तो यह साइलेंट आतंक और भी खतरनाक हो जाता है। मुंबई के मीरा रोड इलाके में दो सिक्योरिटी गार्ड्स पर धर्म पूछकर किया गया हमला इसी बदलते खतरे का उदाहरण है। बताया जा रहा है कि हमलावर 31 साल का जैब जुबेर अंसारी अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास दो सिक्योरिटी गार्ड, राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन के पास पहुंचा और मस्जिद का रास्ता पूछा। कुछ समय बाद वह दोबारा लौटा। इसके बाद एक गार्ड से धर्म पूछने के बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह कैबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब गार्ड ऐसा नहीं कर पाया, तो उस पर भी हमला कर दिया। पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भी आतंकियों ने पर्यटकों से धर्म पूछकर हमला किया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। वहीं, धर्मांतरण के मामले महाराष्ट्र के अमरावती और नासिक में भी सामने आए हैं। नासिक के टीसीएस उत्पीड़न मामले में मुख्य आरोपी निदा खान ने महिला कर्मचारी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया था। पीड़ित के मोबाइल में ऐसे ऐप्स भी इंस्टॉल कराए गए, जिससे उसे धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा सके। अमरावती में भी करीब 180 लड़कियों के वीडियो बनाकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। ये घटनाएं केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस मानसिकता की झलक हैं, जिसमें धर्म को पहचान और हिंसा का औजार बना दिया जाता है। पहलगाम जैसे हमले इस बात का संकेत रहे हैं कि कट्टरता जब चरम पर पहुंचती है तो वह इंसानियत की हर सीमा पार कर जाती है। हालांकि, इस मुद्दे पर एक जरूरी सावधानी भी उतनी ही अहम है। अलग-अलग घटनाओं को जोड़कर पूरे समाज या किसी एक समुदाय के खिलाफ निष्कर्ष निकालना न केवल गलत है, बल्कि खतरनाक भी हो सकता है। कानून का सिद्धांत स्पष्ट है। अपराधी व्यक्ति होता है, समुदाय नहीं। यदि हम इस रेखा को पार करते हैं, तो हम अनजाने में उसी विभाजनकारी सोच को बढ़ावा देते हैं, जिसके खिलाफ हमें खड़ा होना चाहिए। कट्टरता का असली चेहरा धर्म नहीं, बल्कि विकृत सोच है। यह सोच इंटरनेट, सोशल मीडिया और बंद मानसिकता के जरिए फैलती है। यही कारण है कि "लोन वुल्फ" हमले आज सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। क्योंकि इनका कोई स्पष्ट नेटवर्क नहीं होता, न ही कोई पूर्व चेतावनी। अब सवाल यह है कि इससे निपटा कैसे जाए? जवाब केवल सख्ती में नहीं, बल्कि संतुलित रणनीति में है। सुरक्षा एजेंसियों को डिजिटल निगरानी, खुफिया तंत्र और त्वरित कार्रवाई को मजबूत करना होगा, वहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। परिवार, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक संस्थाओं को युवाओं को सही दिशा देने, संवाद बढ़ाने और कट्टर विचारधाराओं से बचाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। सख्त कानून, सतर्क समाज और संतुलित सोच इन्हीं तीन स्तंभों पर इस चुनौती का समाधान टिका है। तभी हम एक सुरक्षित, समावेशी और मजबूत समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

# देश में जलवायु आपातकाल की दस्तक



पर्यावरण
निरंजन देव भारद्वाज

देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45–47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख–चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन–हानि में बदल चुका है।

अप्रैल का यह महीना भारत के लिए केवल एक कैलेंडर का पन्ना नहीं, बल्कि एक अस्तित्वगत संकट की गूंज बन गया है। देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। इसी "वर्तमान" की सबसे कठोर हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन-हानि में बदल चुका है। हीटवेव आज भारत की सबसे घातक प्राकृतिक आपदाओं में शामिल हो चुकी है, जिसके चलते 2010 के बाद से अब तक 46,000 से अधिक संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। इस भीषण गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव उन श्रमिकों पर पड़ता है जो खुले वातावरण में निर्माण स्थलों, सड़कों और खेतों में काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी आजीविका और स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं।

यह संकट हमारी आधुनिक जीवनशैली और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर एक कड़ा प्रहार है। जहां एक ओर सरकारी फाइलों में बढ़ते 'ग्रीन कवर' के आंकड़े हमें सुकून देने की कोशिश करते हैं, वहीं जमीन पर फैलते कंक्रीट के जंगलों ने हमारे शहरों को 'धधकते तंदूर' में तब्दील कर दिया है। यह आपदा समाज की गहरी आर्थिक खाई को भी उजागर करती है, जहां 'ठंडी हवा' अब एक बुनियादी अधिकार नहीं बल्कि अमीरों की विलासिता बन गई है। बहुसंख्यक आबादी इस तापीय अन्याय का शिकार होकर अपनी जान दांव पर लगा रही है। इस असामान्य गर्मी का सबसे गहरा असर केवल मौसम के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे आम जनजीवन, कृषि व्यवस्था और शहरी बुनियादी ढांचे पर दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा, श्रमिकों की घटती कार्यक्षमता, पानी की बढ़ती मांग और बिजली की रिकॉर्ड खपत-ये सभी संकेत बताते हैं कि शहर और गांव दोनों ही इस तापीय दबाव के सामने असहज स्थिति में पहुंच चुके हैं। इस पृष्ठभूमि में वैश्विक तापवृद्धि और जलवायु परिवर्तन की भूमिका और भी स्पष्ट होकर सामने आती है। बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, अनियंत्रित शहरीकरण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने वायुमंडलीय संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है, जिसका सीधा परिणाम इस तरह की चरम मौसमीय घटनाओं के रूप में दिख रहा है। खेतों में खड़ी फसलें भी तेज़ गर्म हवाओं और नमी की कमी के कारण तनाव में हैं, जिससे आने वाले समय में खाद्य सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न गहराता दिखाई देता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि हीट वेव अब केवल "मौसम की घटना" नहीं, बल्कि एक गहरे होते जलवायु संकट का परिणाम है और इसके पीछे हमारी नीतिगत, व्यवहारिक और विकास संबंधी विफलताओं की भूमिका को समझना अब और भी आवश्यक हो गया है। भारतीय शहरों में गर्मी का बढ़ता



प्रकोप केवल बढ़ते तापमान का नतीजा नहीं है, बल्कि 'अर्बन हीट आइलैंड' (शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव) के उस प्रभाव का परिणाम है जिसने महानगरों को जीते-जागते तंदूर में बदल दिया है। जब हम शहरों को कंक्रीट, डामर और कांच की ऊंची इमारतों से पाट देते हैं, तो ये सतहें दिन भर सूरज की गर्मी को सोखती हैं। जहां ग्रामीण इलाकों में पेड़ और मिट्टी वाष्पीकरण के जरिए खुद को ठंडा रखते हैं, वहीं हमारे शहर इस गर्मी को कैद कर लेते हैं। इसका सबसे भयावह असर रात के समय दिखता है, जब सूरज ढलने के बाद भी कंक्रीट की ये दीवारें और सड़कें उस कैद की गई गर्मी को धीरे-धीरे बाहर छोड़ती हैं, जिससे रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा बना रहता है। यह 'थर्मल ट्रैप' शहरवासियों को चौबीसों घंटे एक असहज अंगीठी में झोंक देता है।

विडंबना यह है कि इस तपिश को कम करने का प्राकृतिक समाधान यानी हमारे 'पेड़', विकास की अंधी दौड़ में सबसे पहले काटे जा रहे हैं। फ्लाईओवर्स, मेट्रो लाइन्स और चौड़ी सड़कों के नाम पर शहरों के उन पुराने और घने पेड़ों की बलि दी जा रही है जो दशकों से हमारे 'नेचुरल एयर कंडीशनर' का काम कर रहे थे। इसका सबसे ज्वलंत और दुखद उदाहरण नासिक में देखने को मिलता है, 250 साल पुराने बरगद और पीपल के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। ये केवल पेड़ नहीं थे, बल्कि उस क्षेत्र की जैव-विविधता और शीतलता के संरक्षक थे। एक परिपक्व पेड़ अपने आसपास के वातावरण को 2 से 4 डिग्री तक ठंडा रख सकता है, लेकिन 'विकास' की कागजी योजनाएं अक्सर एक पुराने घने पेड़ के बदले दस नए छोटे पौधे लगाने का झांसा देती हैं। हकीकत यह है कि एक पुराना बरगद या पीपल का पेड़ जितना कार्बन सोखता है और ठंडक देता है, उसकी जगह ये नए छोटे पौधे अगले बीस साल तक नहीं ले सकते। जहां पहले घनी हरियाली लू के थपेड़ों को फिल्टर करती थी, अब वहां केवल कंक्रीट की सतहें हैं जो गर्मी को कई गुना बढ़ा देती हैं। यह केवल हरियाली का नुकसान नहीं है, बल्कि एक सुविचारित पर्यावरणीय आत्महत्या है। भारत की इस जलती हुई हकीकत को बदलने के लिए हमें अपनी रणनीतियों को कागजों से बाहर निकालना होगा। सबसे पहले, हमें 'हीट एक्शन प्लान' की बुनियादी खामियों को सुधारना होगा। वर्तमान में भारत के अधिकांश 'हीट एक्शन प्लान' केवल 'रिएक्टिव' हैं यानी वे केवल तापमान बढ़ने पर अलर्ट जारी करते हैं या पानी के स्टॉल लगवाते हैं। असल में, हमें 'प्रोएक्टिव' 'हीट एक्शन प्लान' की जरूरत है, जो सर्दी के मौसम से ही काम शुरू कर दे, जैसे कि सड़कों को सफेद रिफ्लेक्टिव पेंट से रंगना और शहरों में जल निकायों को पुनर्जीवित करना। 2026 की यह गर्मी हमें यह समझने पर मजबूर करती है कि केवल वाटर कूलर लगाने या रेड अलर्ट जारी करने से हम सुरक्षित नहीं होंगे। हमें भारत में भी 'हीटवेव' को 'अधिसूचित आपदा' घोषित करना होगा ताकि इसके समाधान के लिए कानूनी जवाबदेही तय हो सके। हमें नासिक और अरावली जैसी गलतियों से सीखना होगा कि पुराने पेड़ों को काटना भविष्य की पीढ़ियों की 'सांसों और शीतलता' की चोरी करने जैसा है।

अंततः, जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। एक नागरिक के रूप में हमें अपनी जीवनशैली और मतदान के मुद्दों में 'पर्यावरण' को प्राथमिकता देनी होगी। जब तक हम अपने घरों के सामने टाइल्स लगाने के बजाय मिट्टी और पेड़ को जगह नहीं देंगे, और जब तक हमारी नीतियां 'विकास' को 'विनाश' से अलग नहीं करेंगी, तब तक हम इसी तरह हर साल और भी भीषण अंगीठियों में झुलसते रहेंगे। समय रेत की तरह फिसल रहा है; या तो हम आज 'ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर' में निवेश करें, या फिर कल एक जलते हुए भारत के लिए तैयार रहें।

(लेखक सलाहकार राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम'अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म।

## तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

नृत्य दिवस विशेष
श्वेता गोयल



# शब्दहीन भावों से विश्व को जोड़ने वाली शक्ति है नृत्य

मानव सभ्यता की सबसे पुरानी अभिव्यक्तियों में से एक है 'नृत्य'। जब शब्द अस्तित्व में नहीं थे, तब शरीर की गति ही संवाद का माध्यम थी। समय के साथ नृत्य ने भिन्न-भिन्न संस्कृतियों में अनेक रूप धारण किए और आज यह विश्वभर में एक जीवित कला के रूप में स्थापित है। नृत्य अब वैश्विक संदर्भ में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी साधन बन चुका है। नवीनतम 'विश्व नृत्य रिपोर्ट' के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्चुअल नृत्य कार्यक्रमों में वर्ष 2020 के मुकाबले 2025 तक 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नृत्य चिकित्सा को अब मानसिक स्वास्थ्य उपचारों में सम्मिलित किया जा रहा है। अनेक देशों में चिकित्सक अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं के उपचार में नृत्य आधारित विधियों का उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं ने भी नृत्य को शिक्षा के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्वीकार किया है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मकता का विकास होता है। नृत्य की विविधता, उसकी समावेशिता और उसके सामाजिक महत्व का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस नृत्य को एक साझा मानव धरोहर के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसमें भौगोलिक सीमाओं, जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक विचारधाराओं की कोई बाधा नहीं होती। इस अवसर पर करीब 170 देशों में एक साथ नृत्य महोत्सवों, कार्यशालाओं और सार्वजनिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाने की शुरुआत एक गैर सरकारी संगठन 'अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान' (आईटीआई) की 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य समिति' द्वारा 1982 में की गई थी, जो 'यूनेस्को' का हिस्सा है। यह दिवस नृत्य के जादूगर माने जाने वाले जीन जॉर्जेस नोवेरे को समर्पित है। 'फादर ऑफ बैले' के नाम से विख्यात जीन जॉर्जेस नोवेरे एक सुप्रसिद्ध बैले मास्टर थे, जिनका जन्म 29 अप्रैल 1727 को हुआ था। पहली बार 1982 में आईटीआई की नृत्य समिति ने उनके जन्मदिन 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी, जिसके बाद से यह दिवस हर साल 29 अप्रैल को मनाया जाने लगा। जॉर्जेस नोवेरे ने नृत्य पर 'लेटर्स ऑन द डांस' नामक एक पुस्तक भी लिखी थी, जिसमें नृत्य से जुड़ी एक-एक चीज मौजूद हैं। इस पुस्तक के बारे में कहा जाता है कि इसे पढ़कर कोई भी नृत्य करना सीख सकता है। नृत्य परंपरा की दृष्टि से भारत विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। भारतीय नृत्य हजारों वर्षों से चली आ रही एक जीवंत और विकसित परंपरा है, जिसकी जड़ें वेदों, पुराणों, महाकाव्यों और शास्त्रों में गहराई से समाहित हैं। भारतीय नृत्य की विशिष्टता उसकी आध्यात्मिक गहराई, दार्शनिकता और सामाजिक प्रतिबद्धता में निहित है। भारतीय नृत्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन नहीं बल्कि आध्यात्मिक साधना का माध्यम है। नाट्यशास्त्र भारतीय नृत्य की बुनियादी संरचना और सिद्धांतों का आधार है। इस ग्रंथ में नृत्य, नाट्य और संगीत के तत्वों का अत्यंत वैज्ञानिक और विशद विवरण दिया गया है। भारत में नृत्य की विविधता उसकी सांस्कृतिक विविधता की तरह अद्भुत है। प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक राज्य, यहां तक कि कई गांवों की भी अपनी विशिष्ट नृत्य परंपराएं हैं। भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप जैसे भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इन सभी शास्त्रीय नृत्य शैलियों में अंग संचालन, हस्तमुद्राएं, नेत्र भाव, पद संचालन और ताल की अत्यंत जटिल विधियां हैं, जिन्हें साधना द्वारा वर्षों में सिद्ध किया जाता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख उद्देश्य जीवन के रहस्यों को भावों के माध्यम से व्यक्त करना है। आज जब दुनिया विभाजन, संघर्ष और असहिष्णुता के संकट से गुजर रही है, तब नृत्य एक ऐसा माध्यम बन सकता है, जो दिलों को जोड़ने, घावों को भरने और मानवता को एक सूत्र में पिरोने की क्षमता रखता है। भारतीय नृत्य, जिसमें प्रकृति, भक्ति, प्रेम, वीरता और करुणा के विविध आयाम समाहित हैं, वैश्विक मंच पर इस उम्मीद का प्रतीक बनकर उभर रहा है कि कला के माध्यम से हम एक बेहतर, अधिक सहिष्णु और सुंदर विश्व का निर्माण कर सकते हैं। नृत्य आत्मा से आत्मा तक एक अनुभव है, एक संवाद है, एक यात्रा है। भारत की नृत्य परंपरा इस यात्रा की एक अनंत धारा है, जो सदियों से बह रही है और भविष्य में भी मानवता को दिशा देती रहेगी।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मां के दूध में भी मिलावट

मां का दूध शिशु के लिए प्रकृति का सबसे सुरक्षित और संपूर्ण आहार माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी जीवन के शुरुआती छह महीनों तक केवल स्तनपान की सिफारिश करता है, क्योंकि यह न सिर्फ पोषण देता है बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। लेकिन हाल के वर्षों में वैज्ञानिक शोधों ने एक नई चिंता को जन्म दिया है– मां के दूध में माइक्रोप्लास्टिक, कीटनाशकों, भारी धातुओं और यहां तक कि यूरेनियम जैसे रेडियोधर्मी तत्वों की मौजूदगी। यह स्थिति केवल भारत तक सीमित नहीं है। 2022 में इटली और नीदरलैंड में किए गए अध्ययनों में पहली बार मानव ब्रेस्टमिल्क में माइक्रोप्लास्टिक कणों का पता चला। ये सूक्ष्म प्लास्टिक कण हमारे खाने, पानी और हवा के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं। *– दिवाकर राजवंशी, कांकेर*

## करंट अफेयर

### पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार चयन मंडल में भारतवंशी

पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार 2027 के चयन मंडल की मंगलवार को घोषणा की गई, जिसमें उत्तरी लंदन में बच्चों की किताब दुकान संचालित करने वाली एक भारतवंशी विक्रेता को भी शामिल किया गया है। मसवेल हिल स्थित पुरस्कृत 'बच्चों की किताब दुकान' की मालिक संचिता बसु डे सरकार, लेखक फ्रैंक कॉटरेल–बॉयस और अभिनेत्री लॉली एडेफोपे के साथ मिलकर आठ से बारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समकालीन सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य का चयन करेंगी। वार्षिक बुकर पुरस्कार की तरह ही, बच्चों के लिए इस साहित्यिक पुरस्कार के विजेता को 50,000 पाउंड की राशि दी जाएगी और अंतिम सूची में चयनित लेखकों को 2,500 पाउंड मिलेंगे। पहला चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार दो फरवरी 2027 को उस कृति को दिया जाएगा, जो अंग्रेजी में लिखी गई हो या अंग्रेजी में अनूदित हो और जिसका प्रकाशन ब्रिटेन और/या आयरलैंड में हुआ हो। 'साउथ एशियन इलस्ट्रेशन एंड लिटरेचर फेस्टिवल' की सह–संस्थापक संचिता बसु डे सरकार ने कहा, ' 'यह मेरे लिए उन सभी चीजों को एक साथ लेकर आता है जिन्हें मैं पसंद करती हूं– ढेर सारी बच्चों की किताबें पढ़ना, उनके बारे में कुछ बेहद प्रतिभाशाली लोगों के साथ चर्चा करना, और इन किताबों को देशभर के बच्चों तक पहुंचाना ताकि हम इस बातचीत को आगे बढ़ा सकें।



## ऑफ बीट

### पानी गीला क्यों होता है?

बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो गीलापन महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक–दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को आसंजन (एडहेज़न) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु गीली है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गीलापन इस बात पर निर्भर करता है कि कोई द्रव किसी सतह के साथ कितनी अच्छी तरह संपर्क बनाए रखता है। इसके विपरीत, पारा यानी मरकरी जैसे धातु में सतहों से चिपकने की क्षमता बहुत कम होती है क्योंकि उसके अणु आपस में अधिक मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसे संसंजन/(कोहेज़न) कहा जाता है। गीलेपन का एक और महत्वपूर्ण पहलू ठंडक का एहसास है। जब पानी या कोई द्रव वाष्पित होता है, तो उसे ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जिसे वह अपने आसपास की गर्मी से लेता है।



## ट्रेंड

### 'ऑपरेशन सिंदूर'



'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के केंद्र अब किसी भी तरह से सजा से बच नहीं सकते। यह अभियान आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रति हमारे 'शून्य सहिष्णुता' के दृष्टिकोण का प्रमाण है।
**-राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### मुक्त व्यापार समझौता



भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौता हमारे किसानों, युवाओं, लघु एवं मध्यम उद्यमों और नवप्रवर्तकों के लिए नए अवसर खोलेगा, साथ ही भारत को 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर होने में गति प्रदान करेगा। **-योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

### ममता का बयान



ममता दीदी ने कहा है कि बंगाल के हिंदू एक विशेष समुदाय से संबंधित मामलों में उनकी वजह से अधिक सुरक्षित हैं। दीदी का यह बयान न केवल चिंताजनक है, बल्कि बंगाल के भविष्य के लिए खतरनाक, समाज में फूट डालने वाला और सांप्रदायिक भी है।
- **हिमंता बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### बिहारी होने का 'अपराध'



भाजपा सरकार में "बिहारी होना" सबसे बड़ा अपराध और राजद्रोह बन गया है। नई दिल्ली में खगड़िया के युवक पांडव कुमार की मात्र इसलिए गोली मारकर हत्या कर दी गई क्योंकि वह 'बिहारी' था। बिहारी होने के 'अपराध' के लिए उसका दोस्त कृष्णा जीवन और मृत्यु के बीच जूझ रहा है।
- **तेजस्वी यादव**, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## आईपीएस अजय पाल की चेतावनी पर जहांगीर ने दिया वैसा ही जवाब

# टीएमसी समर्थकों पर था लोगों से वोटर आईडी कार्ड जमा कराने व धमकाने का आरोप, शर्मा ने दी हिदायत तो बोला जहांगीर-वो 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में टीएमसी के समर्थकों ने चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त उत्तर प्रदेश कैडर केआईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। टीएमसी के नेताओं ,मंत्रियों ने आरोप लगाया कि अधिकारी अपनी भूमिका की सीमा लांघ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस आईपीएस अधिकारी को टीएमसी समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा। समर्थकों ने खान के घर के सामने 'जय बांग्ला' के नारे लगाए। चुनाव आयोग ने बताया कि शर्मा ने इलाके का दौरा तब किया, तब खान के लोग कथित तौर पर निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से वोटर आईडी कार्ड जमा करा रहे हैं और उन्हें धमका रहे हैं।




### शर्मा को चुनाव आयोग ने किया तैनात

शर्मा, जिन्हें उत्तर प्रदेश में 'सिंघम' के नाम से भी जाना जाता है, ने कहा कि वह उम्मीदवार या उसके साथियों को मतदाताओं को डराने-धमकाने की इजाजत नहीं देंगे। शर्मा उन 95 पर्यवेक्षकों में शामिल हैं, जिन्हें चुनाव आयोग ने तैनात किया है।

### खेल तुमने शुरू किया खत्म हम करेंगे,केंद्रीय बल हवा में उड़ जाएंगे

खान को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि खेल तुमने शुरू किया, लेकिन खत्म हम करेंगे। खान को यह कहते हुए भी सुना जा सकता है, हमारे इलाके में जनता ही असली ताकत है। लोग निकलेंगे तो बल हवा में उड़ जाएंगे।

## भाटपाड़ा में भाजपा विधायक के घर पर हमला, जवान घायल


भाजपा विधायक पवन सिंह

बंगाल के उत्तर 24 परगना के भाटपाड़ा में भाजपा विधायक पवन सिंह के घर पर अज्ञात हमलावरों ने पत्थरबाजी और देसी बम से हमला किया। सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया। सीआईएसएफ के अनुसार इससे पहले पवन सिंह और उनके पिता व विधायक अर्जुन सिंह पर जगतदल थाने के पास भी हमला हुआ था।

### धमकाने की इजाजत नहीं देंगे: जहांगीर

जहांगीर ने तेलुगू एक्शन फिल्म 'पुष्पा' और बॉलीवुड की फिल्म 'सिंघम' का जिक्र करते हुए कहा कि वह भाजपा द्वारा नियुक्त पुलिस अधिकारियों को मतदाताओं को धमकाने' की इजाजत नहीं देंगे। यह बंगाल है, अगर वह 'सिंघम' है, तो मैं 'पुष्पा' हूं। वे मुझ पर दबाव बनाने की कोशिश की।

### टीएमसी नेता को सरेआम गोलियों से भूना



बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान (29 अप्रैल) से पहले राज्य में हिंसा का तांडव जारी है। एक टीएमसी नेता को अज्ञात बदमाशों ने सरेआम गोली मार दी है। आनन-फानन में उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। टीएमसी ने इस हमले का आरोप विपक्षी दलों पर लगाया है, जबकि चुनाव आयोग ने मामले की रिपोर्ट तलब की है।

### 1,543 लोग गिरफ्तार, पार्षद भी शामिल

दूसरे चरण के मतदान से पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी कार्रवाई की गई है। अधिकारियों के अनुसार कुल 1,543 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक टीएमसी पार्षद भी शामिल है। बर्धमान के वार्ड 22 के पार्षद पर भाजपा नेता के घर पर हमले और धमकी देने का आरोप है। वहीं, पूर्व बर्धमान, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, हुगली और नादिया जिलों में भी बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां हुई हैं। चुनाव आयोग ने भी निगरानी बढ़ाते हुए वेबकास्टिंग सिस्टम के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हावड़ा में लोकतंत्र के महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।

### दूसरे चरण के चुनाव से पहले आयोग ने वोटर लिस्ट में जोड़े 1468 से अधिक नाम




*बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से ठीक पहले 1468 से अधिक नामों को वोटर लिस्ट में फिर से जोड़ दिया गया है, जबकि 6नाम ऐसे हैं, जिनके बारे में न्यायाधिकरणों ने कहा कि उन्हें शामिल नहीं किया जा सकता है। हालांकि चुनाव समाप्त होने से पहले ट्रिब्यूनल द्वारा निपटाए गए मामलों की कुछ संख्या के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है।*

### 27.10 लाख नामों को चिन्हित किया गया था

*इन ट्रिब्यूनलों की घोषणा तब की गई थी, जब जांच प्रक्रिया के दौरान तार्किक विसंगतियों के कारण 27.10 लाख नामों को हटाने के लिए चिह्नित किया गया था। चुनावों से पहले समय की कमी के बावजूद इन्हें शुरू होने में काफी समय लगा और इनके कामकाज को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। स*

### दूसरे चरण की 10 सीटों पर रहेगी सबकी नजर

*2021 में 142 में से 123 सीटों पर टीएमसी ने जीत दर्ज की थी जबकि भाजपा को 18 पर जीत हासिल हुई थी। एक सीट पर अन्य ने जीत दर्ज की थी। इनमें से 10 सीटों पर सबकी नजरें हैं। इनमें भवानीपुर, कोलकाता ,टॉलीगंज,बालीगंज,श्यामपुकुर, दमदम, दमदम उत्तर,रासबिहारी और नौपाड़ा शामिल हैं।*

## विधानसभा का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया

# महिला आरक्षण लागू करो, अभी करोः अलका लांबा के नेतृत्व में दिल्ली विधानसभा घेराव, पुतला दहन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाए जाने के बीच मंगलवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में पहुंची महिला कार्यकर्ताओं ने महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर 'महिला आरक्षण लागू करो, आज करो, अभी करो' और 'ओबीसी महिलाओं को शामिल करो, शामिल करो जैसे नारे लगाए। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि वास्तविक राजनीतिक भागीदारी और संवैधानिक अधिकार चाहिए।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि वर्ष 2023 में सभी दलों के सहयोग से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कराया गया था, लेकिन उसे लागू करने में लगातार देरी की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार ने कानून बना दिया है, तो फिर उसे लागू करने से पीछे क्यों हट रही है? अलका लांबा ने मांग की कि लोकसभा की 528 सीटों



पर तत्काल प्रभाव से महिला आरक्षण लागू किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं और जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को परिसीमन और अन्य प्रक्रियाओं से जोड़कर टालना महिलाओं के साथ अन्याय है।

उन्होंने कहा, 'देश की आधी आबादी को केवल चुनावी वादों से नहीं, बल्कि संसद और विधानसभाओं में समान भागीदारी से सम्मान मिलना चाहिए। भाजपा सरकार महिलाओं के अधिकारों को गंभीरता से लेने के बजाय इसे राजनीतिक एजेंडा बना रही है।'

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव एवं प्रभारी शिल्पी अरोड़ा ने भी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संसद में जो बिल पारित हुआ, वह वास्तविक महिला आरक्षण बिल नहीं बल्कि 'मोदी संरक्षण बिल' था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार देश की जनता को गलत नैरेटिव देकर भ्रमित कर रही है।

शिल्पी अरोड़ा ने कहा कि यदि केंद्र सरकार की नीयत साफ है, तो उसे बिना किसी देरी के महिला आरक्षण लागू करना चाहिए और इसमें ओबीसी महिलाओं को भी उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के बिना महिला आरक्षण अधूरा रहेगा।

महिला कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कहा कि देश की महिलाएं अब प्रतीकात्मक राजनीति नहीं, बल्कि अधिकार आधारित भागीदारी चाहती हैं। जब तक महिला आरक्षण को पूरी पारदर्शिता, न्याय और समावेशिता के साथ लागू नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर रोष व्यक्त किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी के मुद्दे पर भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है।

इस कार्यक्रम में पुष्पा सिंह, उस्मान भाई सहित दिल्ली के सभी जिला अध्यक्ष और बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुईं। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि महिला आरक्षण का मुद्दा केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि लोकतंत्र और सामाजिक न्याय का प्रश्न है, जिस पर अब सरकार को स्पष्ट निर्णय लेना ही होगा।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 2029 से मौजूदा लोकसभा सीटों के साथ लागू करने पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग

## जयराम रमेश ने की पीएम मोदी से अपीलः परिसीमन की राजनीति कर छोड़ें, महिलाओं को न्याय दें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर महिलाओं के आरक्षण के मुद्दे को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अब समय आ गया है कि सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को ईमानदारी से लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

जयराम रमेश ने कहा कि। चार राज्यों का चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है और लोकसभा के "खतरनाक परिसीमन" को जबरन लागू करने की सरकार की कोशिश विपक्ष की एकजुटता और सामूहिक रणनीति के कारण विफल हो गई है। ऐसे में अब प्रधानमंत्री को वही करना चाहिए जिसकी मांग विपक्ष मार्च 2026 के मध्य से लगातार करता आ रहा है।

उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री सभी दलों की एक सर्वदलीय बैठक बुलाएं, जिसमें इस बात पर गंभीर चर्चा हो कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले मौजूदा लोकसभा सीटों की संख्या के साथ



कैसे लागू किया जा सकता ह

उनका कहना है कि यह न केवल संभव है, बल्कि लोकतांत्रिक दृष्टि से वांछनीय और आवश्यक भी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि 16 अप्रैल 2026 की देर रात जिस तरह नारी शक्ति वंदन अधिनियम को अधिसूचित किया गया, वह सरकार की घबराहट और राजनीतिक दबाव को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद के विशेष सत्र के दौरान महिलाओं के आरक्षण का वास्तविक उद्देश्य महिला सशक्तिकरण नहीं था, बल्कि प्रधानमंत्री के राजनीतिक संरक्षण के लिए परिसीमन को आगे बढ़ाना था।

जयराम रमेश ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के अधिकारों और प्रतिनिधित्व के मुद्दे को गंभीर संवैधानिक सुधार की तरह नहीं, बल्कि एक राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का समर्थन कांग्रेस और विपक्ष लंबे समय से करते रहे हैं, लेकिन इसे परिसीमन और जनगणना जैसी शर्तों से जोड़कर लागू करने में देरी करना महिलाओं के साथ अन्याय है।

उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि वे महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए आगे आएं और अपने "निजी राजनीतिक एजेंडे" को अलग रखें। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी को केवल चुनावी नारों और प्रतीकात्मक घोषणाओं से नहीं, बल्कि वास्तविक राजनीतिक भागीदारी से सम्मान मिलना चाहिए।

कांग्रेस का कहना है कि यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्ध है, तो उसे बिना किसी देरी के महिलाओं के लिए संसद और विधानसभाओं में आरक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। विपक्ष का मानना है कि महिला आरक्षण को परिसीमन की प्रक्रिया से अलग रखते हुए मौजूदा संरचना में भी लागू किया जा सकता है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने स्वीकृत परियोजनाओं का पत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को सौंपा

## जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए दिल्ली के द्वार खुले हैंः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को श्रीनगर में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जम्मू-कश्मीर के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का पत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को सौंपा। साथ ही चौहान ने डे-एनआरएलएम के तहत 24 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 4568.23 करोड़ रुपये से अधिक की मदर सैंक्शन जारी की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी, जम्मू-कश्मीर के कृषि, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, सहकारिता एवं चुनाव मंत्री जावेद अहमद डार, नेता प्रतिपक्ष सुनील कुमार शर्मा, सांसदगण, अनेक विधायक, केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव रोहित कंसल तथा जम्मू-कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान और दीदियों की उपस्थिति रही। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में साफ कहा कि वे किसी औपचारिकता या पद के अहंकार के साथ नहीं, बल्कि सेवक भाव से जम्मू-कश्मीर आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार केवल सड़कें नहीं, बल्कि दिल से दिल जोड़ने आई है, और जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए 'दिल के द्वार भी खुले हैं और दिल्ली के द्वार भी खुले हैं।' उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के पहले चरण की स्वीकृति सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को दी गई और दूसरे चरण में भी राज्य को प्राथमिकता मिली, जो केंद्र की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

चौहान ने कहा कि एक ही वर्ष में जम्मू-कश्मीर के लिए लगभग 8,000 करोड़ रुपए की सड़कों की स्वीकृति अपने आप में ऐतिहासिक उपलब्धि है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि जैसे-जैसे स्वीकृत सड़कों का निर्माण आगे बढ़ेगा, वैसे-वैसे शेष आवश्यक मार्गों पर भी केंद्र सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि हर गांव, हर बस्ती और हर दूरस्थ आबादी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है, क्योंकि सड़कें स्कूल, अस्पताल, बाजार और अवसरों को लोगों के और करीब लाती हैं।

### मीरा रोड चाकू कांड पर भड़के फडणवीस

## आईएसआईएस के निशाने पर हिंदू? जिहाद के नाम पर किए जा रहे हमले

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के मीरा रोड इलाके मेंचाकू से हमले के मामले में अब जांच ने गंभीर और बड़ा मोड़ ले लिया है।



सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह मामला अकेले किए गए हमले जैसा लगता है और आरोपी के घर से कुछ संदिग्ध और आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी के व्यवहार और मिले सबूतों से ऐसा संकेत मिलता है कि वह खुद को कट्टर विचारों से प्रभावित कर चुका था। आरोपी की सोच जिहाद के नाम पर हिंदू धर्म को निशाना बनाने की ओर झुकी हुई थी।

### पहलगाम जैसा मामला... पहले पूछा धर्म, फिर कलमा न पढ़ने पर चाकू मारा

*चाकू कांड सिर्फ आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक चिंता का कारण भी बन रही है। दो सुरक्षा गार्डों पर हुए चाकू से ताबड़तोड़ हमले ने इलाके को दहला दिया। दावा किया जा रहा है कि हमलावर ने पहले दोनों सुरक्षाकर्मियों से पहलगाम आतंकी हमले की तरह उनका धर्म पूछा और कलमा पढ़ने का दबाव बनाया। न पढ़ने पर चाकू मारा।*

### कहा, भूमि अधिग्रहण की समस्या और अनुमति मिलने में देरी भी बड़े आर्थिक नुकसान का कारण बनती हैं

## कमजोर योजना के साथ जवाबदेही की कमी ही बनती है परियोजनाओं के समय पर पूरा न होने का कारणः गडकरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि निर्णय लेने में देरी, कमजोर योजना और जवाबदेही की कमी ही परियोजनाओं के समय पर पूरा न होने के मुख्य कारण हैं। भूमि अधिग्रहण जैसी छोटी दिखने वाली समस्याएं और अनुमति मिलने में देरी भी बड़े आर्थिक नुकसान का कारण बनती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इन बुनियादी समस्याओं को समय रहते हल किया जाए तो परियोजनाओं की लागत और समय दोनों को नियंत्रित किया जा सकता है।

नई दिल्ली में आयोजित इंफ्रास्ट्रक्चर सम्मेलन और अचीवर्स अवाड्र्स 2026 में देश के बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। गडकरी ने इसी कार्यक्रम में बोलते हुए ये बातें कही।



एसोचैम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने परियोजनाओं में देरी तथा बढ़ती लागत के कारणों पर स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी।

गडकरी ने गुणवत्ता के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि कई बार ठेकेदार घटिया काम करते हैं लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर उन्हें काली सूची में डाला जाना चाहिए। उनके अनुसार केवल काम की मात्रा बढ़ाने पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि गुणवत्ता को समान महत्व देना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया के कारण किसी भी छोटी खामी को तुरंत उजागर किया जा सकता है, इसलिए पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखना पहले से अधिक जरूरी हो गया है। उन्होंने तकनीक के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि निर्माण लागत कम करने के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए, लेकिन गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने कचरे से ऊर्जा उत्पादन, नए निर्माण सामग्री का उपयोग और नवाचार को अपनाना भविष्य के लिए आवश्यक बताया।

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि पूर्णता प्राप्त करना संभव नहीं है, लेकिन निरंतर सुधार के प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वह मिलकर अपने कार्यों की समीक्षा करें और सुधार के उपाय तलाशें। उनके अनुसार नीति निर्धारकों को सार्थक सुझाव देने के लिए यह प्रक्रिया लगातार चलती रहनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कार्य में कमियां हो सकती हैं, लेकिन दूसरों के सुझावों को अपनाकर सुधार संभव है।

उन्होंने एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर भी ध्यान दिलाया कि कई बार बिना उचित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और पर्याप्त परीक्षण के ही निविदाएं जारी कर दी जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप बाद में सड़कों और पुलों की गुणवत्ता प्रभावित होती है और कई बार संरचनाएं विफल भी हो जाती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परियोजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए और हर कार्य उच्चतम मानकों के अनुसार किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में समस्याओं से बचा जा सके।

### हरियाणा में जल संकट, सांसद बोलीः पानी व बिजली संकट से जनता परेशान, गांवों में टैंकर ही बना मुख्य सहारा

## सरकार सुनिश्चित करे नियमित पेयजल की आपूर्तिः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पेयजल संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। प्रदेश के अनेक जिलों, विशेषकर सिरसा के ऐलनाबाद क्षेत्र सहित विभिन्न हिस्सों में पानी की भारी कमी देखी जा रही है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि कई स्थानों पर पानी की राशनिंग तक लागू करनी पड़ रही है और लोगों को टैंकरों के माध्यम से पानी मंगवाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दूसरी ओर बिजली संकट कोढ़ में खाज सा काम कर रही है।

सैलजा ने कहा कि जो हरियाणा अपने आप को विकसित राज्य बताता है, वहां आज गांवों और शहरों की पंचायतों की सबसे बड़ी मांग पेयजल टैंकर बन चुकी है। उन्होंने बताया कि अपने सांसद कोटे से उन्होंने दर्जनों गांवों में पानी के टैंकर उपलब्ध करवाए हैं, लेकिन इसके बावजूद पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि वह तुरंत प्रभाव से पेयजल आपूर्ति को नियमित और सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाए।

उन्होंने प्रदेश में बढ़ते बिजली संकट पर भी चिंता जताई। पेयजल और बिजली आपूर्ति को लेकर सरकार जरा भी गंभीर नहीं है। ऐलनाबाद और नाथुसरी चोपटा के लोग राजस्थान से पेयजल जाकर गुजारा कर रहे हैं तो कुछ गांवों के लोग खरीदकर पानी ले रहे हैं। यमुना में जहां 8000 क्यूसेक पानी की जरूरत है वहां 1500 क्यूसेक मिल रहा है। राज्य में 38 बीसीएम (बिलियन क्यूसेक मीटर) की जरूरत पर नहरी और बरसाती पानी से ही 20 बीसीएम ही उपलब्ध है शेष 18 बीसीएम पानी की कमी भू जल के दोहन से होती है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. अक्षय उर्फ भोलू, पुत्रः कुलदीप कुमार, निवासीः मकान नंबर–761, गांव–नाथूपुर, जिला सोनीपत, हरियाणा 2. उमेद सिंह उर्फ रिंकू, पुत्रः जगदीश, निवासीः प्रह्लादपुर बांगर, दिल्ली** ने **FIR No.: 111/2016, U/s: 392/397/395/412/34 IPC**, **पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अक्षय उर्फ भोलू 2. उमेद सिंह उर्फ रिंकू** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अक्षय उर्फ भोलू 2. उमेद सिंह उर्फ रिंकू** फरार हो गऐं है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. अक्षय उर्फ भोलू 2. उमेद सिंह उर्फ रिंकू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.05.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री जगमोहन सिंह
एएसजे–03, उत्तर, कमरा नंबर–312,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5491/ON/2026

# एआई और टेक्नोलॉजी का असर, प्राइवेट बैंक में जाने लगी नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के बड़े प्राइवेट बैंक अब 'एम्प्लॉई ऑप्टिमाइजेशन' की तरफ बढ़ रहे हैं, यानी कम लोगों के साथ ज्यादा काम करने की रणनीति। टेक्नोलॉजी और एआई के बढ़ते इस्तेमाल से कई काम ऑटोमेट हो रहे हैं। इससे बैंक कम स्टाफ के साथ भी ज्यादा ब्रांच चला पा रहे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, एचडीएफसी बैंक के कर्मचारियों की संख्या वित्तीय वर्ष 2026 के अंत में घटकर 2.11 लाख रह गई, जो पिछले साल 2.14 लाख थी। मार्च तिमाही में ही करीब 4,000 कर्मचारी घटे हैं। एक्सिस बैंक में भी कर्मचारियों की संख्या घटकर 1.01 लाख रह गई। यह पिछले साल 1.04 लाख थी। बैंकों में टेक्नोलॉजी और डिजिटल सिस्टम के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से बड़ा बदलाव हो रहा है। एआई और ऑटोमेशन के जरिए कई काम अब पहले से ज्यादा तेजी से और कम लोगों में हो रहे हैं।

## निजी बैंक एम्प्लायी ऑप्टिमाइजेशन की तरफ बढ़ रही

### मिड साइज बैंक भी घटा रहे कर्मचारी

मिड-साइज आरबीएल बैंकिग में वित्तीय वर्ष 2026 में 13,316 कर्मचारी रहे। वित्तीय वर्ष 2025 में यह संख्या 14,265 थी। खास बात यह है कि पिछले करीब 10 साल में पहली बार इस बैंक में कर्मचारियों की संख्या घटी है। आईसीआईसीआई में भी गिरावट देखने को मिली। वित्तीय वर्ष 2025 के आंकड़ों के मुताबिक, कर्मचारियों की संख्या 1.30 लाख रही, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 6,000 कम है। हालांकि सभी बैंकों में गिरावट नहीं आई है। यस बैंक में कर्मचारियों की संख्या थोड़ी बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2025 में 28,687 के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2026 में यह बढ़कर 29,573 हो गई।



### ब्रांच बढ़ीं, लेकिन स्टाफ कम हुआ

दिलचस्प बात यह है कि कर्मचारियों की संख्या घटने के बावजूद बैंक लगातार अपनी ब्रांच बढ़ा रहे हैं। एक्सिस बैंक ने वित्तीय वर्ष 2026 में करीब 400 नई ब्रांच जोड़ीं, जिससे कुल संख्या 6,275 हो गई। आईसीआईसीआई बैंक ने करीब 600 नई ब्रांच जोड़कर नेटवर्क 7,511 तक पहुंचाया। एचडीएफसी बैंक ने 234 नई ब्रांच जोड़कर कुल संख्या 9,689 कर दी।

## मार्केट न्यूज

### सिनेमा से बिजनेस तक : अभिनेत्री दिविता जुनेजा की नई उड़ान



**मुंबई।** अंबाला व चंडीगढ़ के बीच पली-बढ़ी दिविता जुनेजा के जीवन में सिनेमा ने काफी जल्दी दस्तक दे दी थी। देश के जाने-माने उद्यमी संजीव जुनेजा की बेटी होने के नाते उन्हें बचपन से ही बिजनेस और ब्रांडिंग की बारीकियों को करीब से समझने का अवसर मिला। उनके पिता ने पेन रिलीफ और पेट केयर से जुड़े प्रोडक्ट्स के क्षेत्र में एक मजबूत और सफल बिजनेस खड़ा किया है, जिसका प्रभाव दिविता की सोच और विजन में साफ दिखाई देता है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी डेब्यू फिल्म "हीर एक्सप्रेस" में उन्होंने अनुभवी कलाकारों के साथ स्क्रीन साझा की, लेकिन दिविता की असली खासियत सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। उनका आफ-स्क्रीन विजन और उद्यमशीलता उन्हें अलग पहचान दिला रही है। इसी कड़ी में, दिविता अब अपने पहले वेडिंग-थीम्ड पाप-अप इवेंट के साथ मुंबई के वर्ली स्थित एक स्टूडियो में कदम रखने जा रही हैं, जहां वह अपने लक्जरी फ्रेग्रेंस ब्रांड D'JANAÉ Attars को लान्च करेंगी। यह ब्रांड खास तौर पर शादियों और बड़े सेलिब्रेशन्स से जुड़े हाई-वैल्यू गिफ्टिंग सेगमेंट को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। मास मीडिया में स्नातक दिविता का फ्रेग्रेंस को लेकर नजरिया बेहद स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। D'JANAÉ Attars का मतलब है "डिवाइन एसेंस" यानी ऐसी खुशबू जो सिर्फ महक नहीं, बल्कि एक भावना और अनुभव बनकर उभरे। ब्रांड के अंतर्गत Shanti, Shringaar, Oud Al Malik और Oud Al Malika जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जो पारंपरिक भारतीय खुशबूओं को आधुनिक और प्रीमियम टच के साथ प्रस्तुत करते हैं।

## खबर संक्षेप

### रुपया 41 पैसे टूटकर 94.56 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 41 पैसे टूटकर 94.56 (अस्थायी) पर रहा। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक



अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि चालू खाते के घाटे (सीएडी) में संभावित वृद्धि और अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण भी रुपये में तेज गिरावट आई है।

### जिंदल शॉ के लाभ में 42 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** जिंदल शॉ का शुद्ध लाभ मार्च 2026 को समाप्त तिमाही में 42 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 123.68 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से खर्च में कमी से लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसने 86.92 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। वित्तवर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय पहले के 5,067.48 करोड़ रुपये से घटकर 4,656.85 करोड़ रुपये रह गई।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने इसे एक बड़ा कदम बताया

# विशाखापत्तनम को एआई केंद्र बनाएगा गूगल, करेगा 15 अरब डॉलर का निवेश

एजेंसी ▶▶| तारलुवाड़ा (आंध्र प्रदेश)

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि 15 अरब डॉलर के आगामी गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र के रूप में उभरेगा। विशाखापत्तनम के तारलुवाड़ा में 'गूगल क्लाउड इंडिया एआई डेटा सेंटर' के शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना अदाणी कॉनेक्स और एयरटेल नेक्सट्रा के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है। इसमें विशाखापत्तनम में एक गीगावाट का 'हाइपरस्केल एआई डेटा सेंटर' शामिल होगा।

■ पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत बनाएगी

### पीएम के दृष्टिकोण की सराहना

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम एक एआई शहर में परिवर्तित हो जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के दृष्टिकोण की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मजबूत नीतिगत समर्थन और नेतृत्व के दम पर भारत इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में विश्व के लिए एक प्रमुख विश्वसनीय मूल्य श्रृंखला और आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभरने के लिए तैयार है।




### लगभग 600 एकड़ भूमि आवंटित

वैष्णव ने बताया कि आंध्र प्रदेश सरकार ने इस परियोजना के लिए तारलुवाड़ा, अदाविवरम और रामबिल्ली क्षेत्रों में लगभग 600 एकड़ भूमि आवंटित की है। उन्होंने कहा, ''भारत की बढ़ती डिजिटल ताकत स्पष्ट है और 15 अरब डॉलर के गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम एक प्रमुख एआई केंद्र बनने जा रहा है।''

### भारत बड़ी संख्या में मोबाइल का निर्यात कर रहा

वैष्णव ने कहा कि भारत अब बड़ी संख्या में मोबाइल फोन का निर्यात कर रहा है और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मांग का करीब 50 प्रतिशत पूरा कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर मिशन सहित इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन और विनिर्माण में भारत को वैश्विक केंद्र बनाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी कंपनियों से देश में सर्वर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) तथा चिप के विनिर्माण का आग्रह किया।

### विशाखापत्तनम एआई सिटी में तब्दील होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम एक 'एआई सिटी' में तब्दील होगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की दूरदर्शिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा शिक्षा, स्वास्थ्य, वैमानिकी, लॉजिस्टिक और कृषि जैसे क्षेत्रों में बदलाव ला रही है और इस एआई केंद्र के जरिये कई प्रमुख सेवाएं उपलब्ध होंगी। रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे वैष्णव ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के बाद परियोजना में तेजी से प्रगति हुई है और उन्हें विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री द्वारा इस डेटा सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा।

## वीआईपी की सुरक्षा में सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा बहादुरी की घटना



**नई दिल्ली।** वीआईपी सुरक्षा के दौरान साहस का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, सीआईएसएफ के जवानों ने 'वाई' श्रेणी के सीआईएसएफ संरक्षित श्री पवन सिंह की सुरक्षा करते समय असाधारण साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। पश्चिम बंगाल राज्य में विधानसभा चुनाव जारी हैं तथा अगला चरण 29.04.2026 को निर्धारित है, जिसके कारण राज्य में चुनावी माहौल अत्यंत संवेदनशील बना हुआ है। इसी क्रम में 26.04.2026 की देर रात एक घटना में श्री अर्जुन सिंह, विधायक, भाजपा तथा उनके पुत्र श्री पवन सिंह, विधायक, भाजपा—दोनों सीआईएसएफ संरक्षित—को जगदल थाना के निकट असामाजिक तत्वों द्वारा घेर लिया गया। सीआईएसएफ एसएसजी कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को सुरक्षित रूप से उनके-उनके आवास तक पहुंचाया। इसके पश्चात, श्री पवन सिंह के आवास पर असामाजिक तत्वों के एक समूह द्वारा पथराव किया गया, देशी बम फेंके गए तथा फायरिंग की आवाजें भी सुनी गईं। इस गंभीर परिस्थिति में पोस्ट इंचार्ज एसआई ईएक्सई राकेश कुमार एवं उनकी टीम ने अदम्य साहस का परिचय दिया तथा आत्मरक्षा एवं वीआईपी की सुरक्षा हेतु एसआई ईएक्सई राकेश कुमार द्वारा जवाबी फायरिंग की गई। इस दौरान कांस्टेबल योगेश, जो हमलावरों का मुकाबला कर रहे थे, के बाएं पिंडली (काफ) में गोली लगने से वे घायल हो गए।

# सोना 1,800 रुपये टूटा, चांदी 6,500 रुपये फिसली

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 1,800 रुपये टूटकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जबकि चांदी 6,500 रुपये लुढ़ककर 2.44 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और मजबूत डॉलर के कारण वैश्विक सर्राफा बाजार पर असर पड़ा है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,800 रुपये यानी 1.15 प्रतिशत टूटकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रहा। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 6,500 रुपये यानी लगभग तीन प्रतिशत टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोना तीन सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया, क्योंकि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया और लंबे समय तक उच्च ब्याज दरों की आशंका को मजबूत किया।'' उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में वृद्धि की आशंका के कारण अधिक सख्त नीतिगत रुख की संभावना है। इससे बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, यह स्थिति कीमतों पर अतिरिक्त गिरावट का दबाव डालती है। गांधी ने कहा कि कारोबारी अमेरिकी फेडरल रिजर्व समेत प्रमुख केंद्रीय बैंकों के निर्णयों से पहले अपने सौदों को कम कर रहे हैं। इससे कीमतों पर दबाव और बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 95.37 डॉलर यानी 2.04 प्रतिशत टूटकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 2.33 डॉलर यानी 3.09 प्रतिशत फिसलकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# कच्चे तेल में उछाल से शेयर बाजार सहमा, सेंसेक्स 417 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि मुख्य रूप से बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक गिरकर 76,886.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 562.57 अंक तक लुढ़ककर 76,741.06 तक पहुंच गया था। वहींनिफ्टी 97 अंक गिरकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और सन फार्मा के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

■ बाजार में विदेशी निवेशकों की बिकवाली का दबाव रहा




## स्विगस्त्री: सेलिब्रेटिंग वुमेन ऑन द मूव कार्यक्रम की मेजबानी की

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी ऑन-डेमोंड सुविधा प्लेटफॉर्म, स्विगी (स्विगी लिमिटेड, एनएसईः स्वीगी / बीएसईः 544285) ने स्विगस्त्रीः सेलिब्रेटिंग वुमेन ऑन द मूव कार्यक्रम की मेजबानी की। यह एक ऐतिहासिक आयोजन था जिसने उन महिला डिलीवरी पार्टनर्स के लचीलेपन और प्रतिबद्धता को सम्मानित किया, जो वर्तमान में भारत के लॉजिस्टिक्स ढांचे को अधिक समावेशी, लचीला और भविष्य के लिए तैयार बना रही हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया उपस्थित थे। स्विगी की स्विगस्त्री पहल के दौरान सभा को संबोधित करते हुए, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भारत के बदलते कार्यबल में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर दिया और कहा, "विकसित भारत के निर्माण के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण केंद्र में है।" इस कार्यक्रम में स्विगी ने स्विगी फूड मार्केटप्लेस और इंस्टामार्ट की उन महिला डिलीवरी पार्टनर्स को सम्मानित किया, जिन्होंने अपने परिवारों के भरण-पोषण के लिए महत्वपूर्ण व्यक्तिगत और सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयों पर विजय पाते हुए असाधारण साहस और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और स्विगी के सह-संस्थापक एवं ग्रुप सीईओ श्रीहर्ष मजेटी ने सभी उपस्थित महिलाओं को सम्मानित किया।

## जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत का होगा आगाज

जम्मू। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल में जम्मू कश्मीर में प्रर्यटन और सुगम आवागमन को नई उंचाईयों पर ले जाते हुए, 30 अप्रैल को वंदे भारत उद्घाटन विशेष का शुभारंभ होने जा रहा है। यह आधुनिक 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन जम्मू तवी से अपनी पहली यात्रा शुरू करेगी, जो घाटी के कठिन भौगोलिक क्षेत्रों को जोड़ते हुए श्रीनगर तक का सफर तय करेगी। इस महत्वपूर्ण सेवा की शुरूआत होने से पहले जम्मू से श्रीनगर तक चलने वाली वंदे भारत का आज 20 अप्रैल को जम्मू से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा तक ट्रायल किया गया।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

विनिर्माण और बिजली क्षेत्र का सुस्त प्रदर्शन

# देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर मार्च में 4.1% घटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया संकट के बीच मार्च में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन और बिजली उत्पादन लगभग स्थिर रहने से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.1 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मार्च 2025 में देश का औद्योगिक उत्पादन 3.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था। मार्च 2026 का 4.1 प्रतिशत वृद्धि का आंकड़ा पिछले पांच महीनों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले अक्टूबर 2025 में वृद्धि दर 0.5 प्रतिशत रही थी।

### पूंजीगत वस्तुओं का सूचकांक 156.2 रहा

उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पिछले महीने प्राथमिक वस्तुओं का सूचकांक 173.3, पूंजीगत वस्तुओं का 156.2, मध्यवर्ती वस्तुओं का 181.4 और बुनियादी ढांचा/निर्माण वस्तुओं का 229.0 रहा। इसके अलावा, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का सूचकांक 146.2 और गैर-टिकाऊ वस्तुओं का 150.6 रहा। इसके साथ ही एनएसओ ने फरवरी 2026 के औद्योगिक उत्पादन आंकड़े को भी संशोधित कर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। यह 5.2 प्रतिशत के पिछले अनुमान से थोड़ा कम है।


# मारुति सुजुकी के लाभ में 6.45 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 6.45 प्रतिशत घटकर 3,659 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में उसे 3,911.1 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने कहा कि शुद्ध लाभ में गिरावट मुख्य रूप से 'मार्क-टू-मार्केट' प्रभाव के कारण आई है। साथ ही गैर-परिचालन आय में कमी आई है जो बॉन्ड प्रतिफल में बदलाव के कारण है, जिसकी भरपाई बाद में की जा सकती है। मार्क-टू-मार्केट परिसंपत्तियों की स्थितियों का मूल्यांकन करने की एक विधि है जो उनकी मूल खरीद कीमत के बजाय वर्तमान बाजार मूल्य पर आधारित होती है। यह वित्तीय स्थिति का वास्तविक समय में 'उचित मूल्य' की स्थिति प्रदान करती है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चाथी तिमाही में परिचालन आय 28.2 प्रतिशत बढ़कर 52,462.5 करोड़ रुपये हो गई जो 2024-25 की समान तिमाही में 40,920.1 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 48,125.3 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 37,585.5 करोड़ रुपये था। कंपनी के अनुसार, चौथी तिमाही में शुद्ध बिक्री पहली बार 50,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई। उसने 6,76,209 इकाई की अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.8 प्रतिशत अधिक है।

**NOTICE**

I, PUSHPA WIFE OF SHRI SUKH RAJ RESIDENT OF KHASRA NO.599, JULAHA BASTI, BURARI, DELHI-110084 declare that I have d-baared my Daughter named MS. KOMAL KOSHAL from my all movable & Immovable properties/Bank Accounts, Ornaments etc., w.e.f. Dt.28.04.2026. My Daughter MS. KOMAL KOSHAL shall have no rights, interest in any of my movable & Immovable properties/Bank Accounts, Ornaments etc in future.


## शब्द पहेली - 6210





**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6209 का हल**





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 12 |
| राजस्थान | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



अभिषेक शर्मा — 380 रन — हैदराबाद

भुवनेश्वर कुमार — 14 विकेट — बेंगलुरु

## खबर संक्षेप

### भारत की पुरुष टीम ने ट्यूनीशिया को हराया

**लंदन।** भारतीय पुरुष टीम ने विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में ट्यूनीशिया पर 3-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की दमदार शुरुआत की, जबकि महिला टीम को मंगलवार को वॉकओवर मिल गया। मानुष शाह, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई ने भारत के लिए प्रभावशाली जीत दर्ज की। शाह ने टीम को मजबूत शुरुआत देते हुए एस्सिड वासिम को 3-1 (11-5, 9-11, 11-3, 11-5) से हराया, जिसके बाद ठक्कर और देसाई ने भी 3-0 से जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज ठक्कर ने यूसुफ ऐदली को एकतरफा मुकाबले में 11-3, 11-3, 11-3 से हराकर बढ़त को और मजबूत किया। देसाई ने संयमित प्रदर्शन करते हुए अबू बकर बौरास को 11-5, 11-4, 11-8 से शिकस्त देकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की। इससे पहले दिन में युगांडा की टीम के मैच के लिए उपस्थित न होने के कारण भारतीय महिला टीम को 3-0 से वॉकओवर मिल गया।

### बल्लेबाजों को लेनी होगी व्यक्तिगत जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने बेंगलुरु के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम की 9 विकेट से करारी शिकस्त के बाद कहा कि उन्हें भी नहीं पता चला कि टीम ने इतनी जल्दी विकेट कैसे गंवा दिए, लेकिन बल्लेबाजों को इसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेनी होगी। अक्षर ने कहा कि उन्हें भी नहीं पता कि टीम ने चार ओवर के अंदर 6 विकेट कैसे गंवा दिए।

# ट्रॉफी कहे जाने पर भड़की प्रीति, बोली -औरत किसी की प्रॉपर्टी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*पंजाब किंग्स अब तक एकमात्र ऐसी टीम है, जो आईपीएल में एक भी मैच नहीं हारी है। इस टीम की मालकिन प्रीति जिंटा भी अपनी टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हैं। आमतौर पर प्रीति जिंटा मैदान में अपनी टीम को सपोर्ट करने आती हैं और लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। मगर इस बार उनके चर्चा में आने का कारण कुछ और हैं, क्योंकि वो एक फैन पर भड़क उठी हैं। उन्होंने यह तक कह दिया कि औरत किसी की प्रॉपर्टी नहीं होती।*

### सोशल मीडिया में सवाल जवाब

*पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में केवल 2 बार फाइनल मैच खेला है, लेकिन अब तक उसे पहली ट्रॉफी नसीब नहीं हुई है। एक फैन ने सोशल मीडिया पर कहा कि पंजाब की टीम 18 साल के इतिहास में ट्रॉफी इसलिए नहीं जीत पाई है, क्योंकि 'प्रीति जिंटा' खुद एक ट्रॉफी हैं।*



### प्रीति का सटीक जवाब

इस पर प्रीति जिंटा ने जो जवाब दिया, उसने सोशल मीडिया पर सनसनी मचाई हुई है।प्रीति जिंटा ने लिखा, धन्यवाद, यह बहुत अच्छी सोच है, लेकिन सच कहूं तो कोई भी महिला ट्रॉफी नहीं बनना चाहती। ट्रॉफी पर मालिकाना हक होता है, औरत पर नहीं। ट्रॉफी को कांच की अलमारी/शोकेस में रख दिया जाता है लेकिन औरत का आपके जीवन और आपके दिल में एक खास स्थान होता है। आपके फिल्मी सवाल के लिए फिल्मी अंदाज वाला जवाब।

### लगातार दूसरे फाइनल की ओर पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरे फाइनल की ओर बढ़ रही है। आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स की टीम को आरसीबी के हाथों 6 रनों की हार झेलनी पडी थी। आईपीएल 2026 में भी श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब ने दमदार प्रदर्शन को कायम रखा है। पंजाब के 7 मैचों में 13 अंक हैं और केवल दो जीत के बाद उसकी प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित हो जाएगी।

# मनु भाकर से वैभव सूर्यवंशी को लेकर सवाल, सोशल मीडिया पर मचा बवाल ?





**नई दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर से युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी पर पूछा गया एक सवाल सोशल मीडिया पर बड़ी बहस का कारण बन गया। दिल्ली में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 75वें स्थापना समारोह के दौरान पत्रकारों ने मनु से 15 वर्षीय क्रिकेट प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी को लेकर राय मांगी। मनु भाकर ने बेहद संतुलित और प्रेरणादायक जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'अगर मार्गदर्शन अच्छा हो, उसके आसपास सही लोग हों और उसे सही दिशा मिले, तो उम्र सिर्फ एक संख्या है। प्रतिभा की कोई उम्र नहीं होती। बड़ी उपलब्धियां 60 साल में भी मिलती हैं और छह साल में भी। अगर उसे सही मेंटरशिप मिली, तो वह अगला बड़ा स्टार बन सकता है।'

### सोशल मीडिया पर भड़के लोग?


हालांकि मनु के जवाब की तारीफ हुई, लेकिन कई लोगों ने सवाल पूछने के तरीके पर नाराजगी जताई। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना था कि एक ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी से किसी क्रिकेटर पर सवाल पूछना दूसरे खेलों के प्रति असंतुलित सोच को दिखाता है। पूर्व क्रिकेट प्रशासक जॉय भट्टाचार्य ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, वह ओलंपिक पदक विजेता हैं। उनसे वैभव सूर्यवंशी के बारे में पूछना उनके खेल और उनकी उपलब्धियों के साथ न्याय नहीं है। क्रिकेट पहले से ही देश का सबसे लोकप्रिय खेल है। अगली बार वैभव सूर्यवंशी से मनु भाकर के बारे में पूछिए, तब चेहरे देखिए।

## जायसवाल-फरेरा की फिफ्टी, सूर्यवंशी ने 16 बॉल पर 43 रन बनाए

# पंजाब आईपीएल में पहला मैच हारी राजस्थान ने 6 विकेट से दी शिकस्त

भाषा ▶▶ मुल्लांपुर

डोनोवन फरेरा के तूफानी अर्धशतक और शुभम दुबे के साथ उनकी अटूट अर्धशतकीय साझेदारी से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया जो मौजूदा सत्र में पंजाब की टीम की पहली हार है। पंजाब के 223 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (51 रन, 27 गेंद, सात चौके, एक छक्का) और वैभव सूर्यवंशी (43 रन, 16 गेंद, पांच छक्के, तीन चौके) की तूफानी पारियों के बाद डोनोवन फरेरा (नाबाद 52 रन, 26 गेंद, छह चौके, तीन छक्के) और शुभम दुबे (नाबाद 31 रन, 12 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के बीच पांचवें विकेट की 32 गेंद में 77 रन की अटूट साझेदारी से 19.2 ओवर में चार विकेट पर 228 रन बनाकर जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स ने मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 62, 22 गेंद, छह छक्के, चार चौके) के ताबड़तोड़ अर्धशतक और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन (59 रन, 44 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के जुझारू अर्धशतक से चार विकेट पर 222 रन बनाए। प्रभसिमरन ने अर्धशतक जड़ने के अलावा कूपर कोनोली (30) के साथ दूसरे विकेट के लिए 59 और कप्तान श्रेयस अय्यर (30) के साथ तीसरे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी भी की। स्टोइनिस की तूफानी पारी से पंजाब किंग्स की टीम आखिरी तीन ओवर में 55 रन जोड़ने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से लेग स्पिनर यश राज पुंजा सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। नांद्रे बर्गर काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने 59 रन देकर एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को वैभव और यशस्वी जायसवाल ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सूर्यवंशी ने अर्शदीप की लगातार गेंदों पर छक्के और दो चौकों से खाता खोलने के बाद अगले ओवर में लॉकी की लगातार गेंदों पर चौका और दो छक्के मारे। सूर्यवंशी ने अर्शदीप के अगले ओवर में भी छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर मिड ऑफ से पीछे की ओर दौड़ते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने उनका कैच लपका। उन्होंने 16 गेंद का सामना करते हुए पांच छक्के और तीन चौके मारे।




### पंजाब-222/4 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रभसिमरन का पराग बो यश | 59 |
| प्रियांश आर्य का बर्गर बो आर्चर | 29 |
| कूपर कोनोली का फरेरा बो यश | 30 |
| श्रेयस अय्यर का जुरेल बो बर्गर | 30 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 62 |
| सूर्यांश शेडगे नाबाद | 03 |

अतिरिक्त:09

कुल:20 ओर में चार विकेट पर: 222 रन

विकेट पतन: 1-37, 2-96, 3-144, 4-181

गेंदबाजी: आर्चर 4-0-40-1, बर्गर 4-0-59-1, बृजेश 4-0-42-0, यश 4-0-41-2, जडेजा 4-0-32-0

### रॉयल्स-228/4 (19.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का शेडगे बो चहल | 51 |
| सूर्यवंशी का अय्यर बो अर्शदीप | 43 |
| ध्रुव जुरेल का यानसेन बो चहल | 16 |
| रियान पराग का शेडगे बो चहल | 29 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 52 |
| शुभम दुबे नाबाद | 31 |

अतिरिक्त:06

कुल:19.2 ओवर में चार विकेट पर: 228

विकेट पतन: 1-51, 2-105, 3-123, 4-151

गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-68-1, फर्ग्युसन 4-0-57-0, यानसेन 3.2-0-41-0, बरार 4-0-25-0, चहल 4-0-36-3

### जीत की तलाश में मुंबई आज हैदराबाद से टक्कर

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को अगर अपनी किस्मत पलटनी है तो उसे शानदार फॉर्म में चल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईपीएल के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मुंबई की टीम पहले 7 मैचों में 5 में हार से 4 अंक लेकर नौवें स्थान पर है। मुंबई की टीम की चिंता भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के चार खिलाड़ियों में शामिल कप्तान हार्दिक पंड्या (तीन विकेट और 97 रन) और सूर्यकुमार यादव (110) का खराब प्रदर्शन है। तिलक वर्मा के गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आईपीएल में पहले शतक से मुंबई लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला तोड़ने में सफल रहा था लेकिन चेन्नई से मिली करारी हार ने एक बार फिर उसके लड़खड़ाते अभियान को और भी मुश्किल में डाल दिया। सनराइजर्स इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगा कि मुंबई अपनी हार का सिलसिला तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में उसकी उम्मीद बल्लेबाजों पर टिकी रहेगी जो वानखेड़े स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

आईसीसी विमेंस टी20 रैंकिंग

### लौरा ने लगाई लंबी छलांग तीसरे पायदान पर पहुंचीं




एजेंसी ▶▶ दुबई


साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने आईसीसी विमेंस टी20 प्लेयर्स रैंकिंग में अपने करियर की सबसे ऊंची रेटिंग हासिल कर ली है। वोल्वार्ड्ट हाल ही में भारत के खिलाफ 5 मुकाबलों की टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं। लौरा वोल्वार्ड्ट टी20 बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह 'नंबर 1' पर काबिज जॉर्जिया वोल से ठीक पीछे हैं। शानदार फॉर्म में चल रही इस साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ने अपने हालिया दमदार प्रदर्शन की बदौलत अपने करियर की सबसे ऊंची रेटिंग हासिल की है। ऋचा घोष 2 पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर और सुने लुस 6 स्थान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

#### चौथे पायदान पर पहुंचीं दीप्ति

शीर्ष टी20 गेंदबाजों की सूची में मुकाबला अभी भी कड़ा बना हुआ है। इस सूची में पाकिस्तानी स्पिनर सादिया इकबाल सबसे आगे हैं। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर आ गई हैं। विमेंस टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 12 जून से होगी, जिससे पहले ये दोनों खिलाड़ी संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर काबिज हैं।

मैड्रिड ओपन

# ओसाका को हराकर क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की एंट्री



### मुझे टैकोस से परहेज करना होगा : एरीना

*सबालेंका ने कहा, 'अभी तक तो सब ठीक है। मैंने सुना है कि मुझे उन टैकोस से परहेज करना होगा। मैं वही खाना खा रही हूं, जो मैं टूर्नामेंट की शुरुआत से खा रही हूं।'*

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की बीमारी का कारण बने वायरस के खतरे और नाओमी ओसाका के जुझारू खेल से खुद को बचाते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इगा स्वियातेक, कोको गॉफ, मारिन सिलिच और कुछ अन्य खिलाड़ी पेट में संक्रमण से प्रभावित हुए हैं लेकिन सबालेंका ने कहा कि वह साधारण आहार करके बीमारी से बचने की कोशिश कर रही है। खिलाड़ियों के बीच यह अफवाह थी कि खराब झींगा टैको संक्रमण के लिए जिम्मेदार थे।

### 2 घंटे 20 मिनट चला मुकाबला

मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने चौथे दौर के मुकाबले में ओसाका के खिलाफ एक सेट और एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने 2 घंटे 20 मिनट तक चले मैच में 6-7 (1), 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। सबालेंका का अगला मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी हेली बैपटिस्ट से होगा, जिन्होंने बेलिंडा बेनसिच को 6-1, 6-7 (14), 6-3 से हराया।

### पोटापोवा से हारी रायबाकिना

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रायबाकिना भी अनास्तासिया पोटापोवा से सीधे सेटों में हार गईं। पुरुष वर्ग में 19 वर्षीय राफेल जोडर ही एकमात्र स्पेनिश खिलाड़ी बचे हैं क्योंकि अन्य स्थानीय खिलाड़ियों में डेनियल मेरिडा स्टेफानोस सिटसिपास से 6-4, 6-2 से और एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना मौजूदा चैंपियन कैस्पर रूड से 6-3, 6-1 से हार गए।

राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप

# भारतीय भारोत्तोलकों का शानदार प्रदर्शन, जीते चार स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन 4 स्वर्ण पदक जीते। सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।




### यूनिवर्सल कप में पेसी ने जीता गोल्ड

यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, कोच और सहायक कर्मचारियों को बधाई दी। यादव ने अपने बधाई संदेश में कहा, 'ये उपलब्धियाँ हमारे खिलाड़ियों और सहायक टीम की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। भारत वैश्विक भारोत्तोलन मंच पर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहा है।'

### धावक सावे ने पेश की मिसाल, खुद कराए कई डोप टेस्ट

**लंदन।** दो घंटे से कम समय में मैराथन पूरी करने वाले पहले धावक सबास्टियन सावे ने यह रिकॉर्ड बनाने से पहले स्वयं ही डोपिंग के कई परीक्षण करवाए और उन्हें उम्मीद है कि वह दुनिया के सामने यह साबित कर देंगे कि वह पूरी तरह से साफ सुथरा होकर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। कीनिया के इस 29 वर्षीय धावक ने रविवार को लंदन मैराथन में 1 घंटे, 59 मिनट और 30 सेकंड का समय लेकर वह कारनामा कर दिखाया, जिसे लंबे समय से असंभव माना जा रहा था। सावे ने अपने कोच और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर अपने प्रदर्शन को लेकर किसी भी संदेह को दूर करने के लिए स्वेच्छा से 'कई' डोपिंग परीक्षण करवाए। सावे ने कहा, 'मेरे देश में डोपिंग कैंसर बन गया है और इसलिए मैं कड़ी परीक्षण प्रक्रिया से गुजरा।'

नेशनल अंडर-17 कुश्ती

# हरियाणा 215 प्वाइंट के साथ ओवरऑल चैंपियन

**प्रदेश के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, एक रजत, तीन कांस्य और कुल 10 पदक जीते**

**रोहतक।** नेशनल अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश की महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें हरियाणा ने 215 प्वाइंट के साथ ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता महाराष्ट्र में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा ने 6 स्वर्ण, एक रजत, तीन कांस्य और कुल 10 पदक जीते। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहलवान बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करके प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी महिला पहलवानों को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। 40 किलोग्राम में झज्जर की तानिया ने कांस्य पदक हासिल किया। 43 किलोग्राम में झज्जर की दिक्षा ने स्वर्ण, 46 में रोहतक की विनाक्षी ने कांस्य, 49 किलोग्राम में सोनीपत की निकिता ने स्वर्ण, 53 किलोग्राम में झज्जर की निशा ने रजत, 57 किलोग्राम में सोनीपत की साक्षी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। 61 किलोग्राम में पलवल की मनीषा ने स्वर्ण, 65 किलोग्राम में हिसार की अंतरा ने कांस्य, 69 किलोग्राम में जींद की तानिया ने स्वर्ण और 73 हिसार की गरिमा ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारतीय महिला खिलाड़ियों ने गंवाए महत्वपूर्ण मौके

# उबेर कप में भारत का सफर खत्म, चीन फिर बना बाधा

एजेंसी ▶▶ होर्सेंस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मजबूत स्थिति में होने का फायदा नहीं उठा पाई जबकि अन्य खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, जिससे भारत उबेर कप में चीन से 0-5 से हारकर इस बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

भारतीय महिला टीम ने मेजबान डेनमार्क से 2-3 की हार के साथ शुरुआत की थी, लेकिन उसके बाद उसने यूक्रेन पर 4-1 से जीत हासिल करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीद बनाए रखी थी। उबेर कप में 16 बार के चैंपियन चीन से भारत को पिछले तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।



### वांग झियी से हारी सिंधु

सिंधु ने भारत की तरफ से शुरुआत की जबकि उन्नति हुडा और तन्वी शर्मा की जगह अन्य दो एकल मुकाबलों के लिए ईशरानी बरुआ और देविका सिहाग को टीम में शामिल किया गया। सिंधु निर्णायक सेट में 18-12 से आगे थी लेकिन आखिर में वह विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झियी से 16-21, 21-19, 19-21 से हार गईं। इससे चीन ने ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

### नहीं टिक पाई प्रिया और श्रुति की जोड़ी

प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा पहले युगल मुकाबले में विश्व की नंबर एक जोड़ी लियू शेंग शू और टैन निंग के सामने नहीं टिक पाईं और 11-21, 8-21 से हार गईं। इशारानी बरुआ ने तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन विश्व में 38वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 20-19 पर एक आसान मौका गंवा दिया। विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई ने यह मैच 44 मिनट में 22-20, 21-13 से जीतकर चीन को 3-0 की अजेय बढ़त दिला दी।

अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ मिसाइल सिस्टम की पांच यूनिट खरीदने के लिए 5 अरब डॉलर की डील की थी, जिनमें से तीन यूनिट पहले ही मिल चुकी हैं। हथियार सिस्टम की सप्लाई के लिए तय की गई नई समय-सीमा के तहत मिसाइल की पांचवीं यूनिट नवंबर तक मिल जाएगी।

## क्रेमलिन ने फिर निभाई दोस्ती

# भारत को रूस से जल्द मिलेगी एस-400 मिसाइल की चौथी खेप, 5वीं नवंबर तक

### कुल 10 एस-400 मिसाइल सिस्टम खरीदेगा भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की कमर तोड़ने वाला रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की चौथी यूनिट अगले महीने से भारत को मिलने की उम्मीद है। इस नई खेप से भारत की रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ मिसाइल सिस्टम की पांच यूनिट खरीदने के लिए 5 अरब डॉलर की डील की थी, जिनमें से तीन यूनिट पहले ही मिल चुकी हैं।


एस-400 मिसाइल सिस्टम

**एस-400 की मुख्य विशेषताएं**

यह प्रणाली 400 किमी की दूरी तक हवा में दुश्मन के खतरों को भेद सकती है। इसके रडार 600 किमी तक के दायरे में निगरानी कर सकते हैं और एक साथ 80 से अधिक लक्ष्यों को ट्रैक कर सकते हैं। यह दुश्मन के स्टील्थ (छिपे हुए) लड़ाकू विमानों को भी ट्रैक और नष्ट कर सकता है। यह प्रणाली हर दिशा से आने वाले हवाई खतरों से सुरक्षा प्रदान करती है। इसे केवल 5 मिनट में फायर करने के लिए तैयार किया जा सकता है और यह ट्रक पर आधारित होने के कारण अत्यधिक मोबाइल है। इसकी मिसाइलें लगभग मैक 14 (लगभग 4.8 किमी/सेकंड या 17,000 किमी/घंटा) तक की गति से लक्ष्य को भेद सकती हैं। यह प्रणाली प्रतिकूल मौसम स्थितियों में भी काम करने में सक्षम है।

### अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद खरीद

*भारत ने सात साल से भी पहले एस-400 मिसाइलें खरीदने का सौदा किया था। उस समय अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि इस सौदे को आगे बढ़ाने पर 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट' के तहत अमेरिका भारत पर बैन लगा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत को अमेरिका के प्रतिबंधों से किसी तरह की रुकावट की आशंका नहीं है।*

**ऑपरेशन सिंदूर में दिखा चुकी है जलवा**

पिछले साल 7 से 10 मई के बीच ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना ने एस-400 मिसाइल सिस्टम का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया था। संघर्ष खत्म होने के कुछ हफ्तों बाद ही, एस-400 मिसाइलों की एक और खेप खरीदने का प्रस्ताव पेश किया गया था। रूस ने इन मिसाइल सिस्टम को चलाने के लिए भारतीय सैनिकों के एक समूह को पहले ही ट्रेनिंग दे दी है। एस-400 को रूस का सबसे आधुनिक और लंबी दूरी तक मार करने वाला सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल रक्षा सिस्टम माना जाता है।

**क्या है एफडीआर?**

एफडीआर यानी फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर एक महत्वपूर्ण उपकरण होता है, जो मिशन और एयरक्राफ्ट से संबंधित सभी जरूरी जानकारियों को रिकॉर्ड करता है। इसके बाद इन जानकारियों का विश्लेषण विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। वायुसेना यूनिवर्सल एफडीआर डेटा माइनिंग सूट की आवश्यकता भी महसूस कर रही है।


राफेल फाइटर जेट

## राफेल जेट के लिए एफडीआर एनालिसिस सॉफ्टवेयर विकसित करने की तैयारी में वायुसेना

*भारतीय वायुसेना अपने कम होते फाइटर स्क्वाड्रन को पूरा करने के लिए स्वदेशी और विदेशी दोनों तरह के फाइटर जेट खरीद रही है। वायुसेना के पास पहले से ही 36 राफेल लड़ाकू विमान मौजूद हैं। अब भारतीय वायुसेना भविष्य में राफेल के लिए फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) एनालिसिस हेतु स्वदेशी सॉफ्टवेयर विकसित करने पर भी काम कर रही है। एयरफोर्स द्वारा तैयार किए गए कैपेबिलिटी रोडमैप में राफेल को भविष्य में स्वदेशी तकनीक से लैस करना भी शामिल है। दरअसल, भारतीय वायुसेना के अनुसार राफेल के मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) द्वारा प्रदान किया गया फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) एनालिसिस सॉफ्टवेयर लगभग 400 उड़ान मानकों को प्रोसेस करता है।*

**खबर संक्षेप**

### चिदंबरम केस से खुद अलग हुई जज स्वर्णकांता



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट की जज जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। याचिका में व्हिस्की की ड्यूटी-फ्री बिक्री पर प्रतिबंध के मामले में एक शराब कंपनी की कथित रूप से मदद करने को लेकर कांग्रेस नेता के खिलाफ दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर रद्द किए जाने का अनुरोध किया गया है।

### वॉशिंगटन के मेयर की दौड़ में शामिल रिनी



**वॉशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी के मेयर चुनाव में भारतीय मूल की रिनी संपत का दावा बेहद मजबूत होता जा रहा है। रिनी संपत को अब अमेरिकन हिंदू कोएलिशनने भी अपना समर्थन दे दिया है। इससे उनकी दावेदारी और ज्यादा मजबूत हो गई है। रिनी 16 जून को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से अभी प्राइमरी चुनाव लड़ रही हैं। उनका मुख्य एजेंडा आधारभूत समस्याओं को ठीक करना और एक नया वाशिंगटन डीसी बनाना है।

## पश्चिम-एशिया संकट के मद्देनजर क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के मामले

# भारत-चीन के रक्षा मंत्रियों के बीच बिश्केक में हुई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक

**एलएसी पर शांति और सौहार्द कायम करने के मुद्दे पर भी हुई चर्चा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन की सेनाओं के बीच करीब चार वर्ष से अधिक समय तक चले सैन्य विवाद के पूरी तरह से खत्म होने के बाद अब दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध तेजी से सामान्य होने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिसमें बीते वक्त में हुई कई उच्च-स्तरीय बैठकों का बड़ा योगदान रहा है।

इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित की गई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें एलएसी पर शांति तथा सौहार्द को बनाए रखने और वर्तमान समय में पश्चिम-एशिया तथा खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष के संदर्भ में क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के मामले पर भी विचार-विमर्श किया गया है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है। वहीं, रक्षा मंत्री ने 'एक्स' पर की गई अपनी एक संक्षिप्त पोस्ट में चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल जून के साथ हुई इस मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जाहिर की है। बैठक के बाद समूह देशों के सभी रक्षा मंत्रियों ने किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर नुरगोजो उलू जापारोव के साथ शिष्टाचार भेंट की और बिश्केक में मौजूद ऐतिहासिक स्मारक विक्ट्री स्क्वॉयर पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**गलवान की खूनी झड़प के बिगड़े संबंध:** मालूम हो कि बीते कुछ महीनों के दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के लिए कई जरूरी कदम उठाए हैं। जो एलएसी विवाद की शुरुआत के तुरंत बाद यानी जून 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी इलाके में दोनों सेनाओं के बीच हुई खूनी हिंसक झड़प के बाद पूरी तरह से गर्त में चले गए थे। तनाव को कम करने के लिए दोनों देशों के बीच कई दौर की सैन्य कमांडरों की बैठक हुई और इसी के साथ-साथ कूटनीतिक मोर्चे पर भी निरंतर रूप से संवाद का क्रम चला। जिसका परिणाम अक्टूबर 2024 में उस वक्त सामने आया। जब एलएसी विवाद से जुड़े हुए दो अंतिम इलाकों देपसांग और डेमचौक में विवाद समाप्ति को लेकर दोनों पक्ष राजी हुई।

**दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई वार्ता:** विवाद को खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच बनी आम सहमति के पीछे असल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2024 में रूस के कजान शहर में हुई द्विपक्षीय बैठक का सवार्धिक योगदान है। जिसमें तनाव खत्म करने के अलावा भविष्य में संबंधों में सुधार को लेकर उठाए जाने वाले कुछ कदमों को लेकर भी मंजूरी प्रदान की गई थी।

पिछले साल अगस्त महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के तियानजिन शहर की यात्रा की। सम्मेलन के बाद दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच एक बैठक हुई। जिसमें बातचीत का दायरा काफी विस्तृत था। पीएम मोदी ने चीन के साथ आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई थी।

**मई में मिलेगी एस-400 की चौथी यूनिट:** किर्गिस्तान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव के साथ भी एक बैठक हुई। जिसमें पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की गई है। बातचीत के बाद अपनी एक्स पोस्ट में भारतीय रक्षा मंत्री ने इसे एक बहुत अच्छी मुलाकात बताया। सूत्रों ने कहा कि दोनों देशों के बीच मौजूदा दौर में जारी कई रक्षा खरीद परियोजनाओं के मुद्दे को भी इस वार्ता में शामिल किए जाने की संभावना है।

जिसमें रूस द्वारा भारत को सौंपी जाने वाली एस-400 हवाई रक्षा मिसाइल प्रणाली का मामला भी शामिल है। यहां बता दें कि अक्टूबर 2018 में भारत, रूस के बीच एस-400 की कुल करीब 5 यूनिटों की खरीद को लेकर 5 बिलियन डॉलर के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। जिनमें से अभी तक तीन एस-400 मिसाइल सिस्टम रूस द्वारा भारत को सौंपे जा चुके हैं। जबकि इसकी एक अन्य यूनिट की आगामी कुछ दिनों में डिलीवरी किए जाने की संभावना है। इसके अलावा इस मिसाइल प्रणाली की अंतिम पांचवीं यूनिट इस साल नवंबर महीने तक रूस से भारत पहुंच सकती है।

## किर्गिस्तान को सौंपी 2 भीष्म स्वास्थ्य क्यूब

*किर्गिस्तान के रक्षा मंत्री मेजर जनरल मुकम्बेटोव रुस्लान मुस्तफाएविच के साथ हुई मुलाकात को राजनाथ सिंह ने बेहद उत्पादक बताया। साथ ही कहा कि दोनों देश सामरिक साझेदार हैं। दोनों लोकतंत्र, विकास, संस्कृति और समृद्ध विरासत के साझा मूल्यों से संयुक्त रूप से लाभान्वित होते हैं। भारत किर्गिस्तान के साथ अपनी साझेदारी को विकसित बनाने को प्राथमिकता प्रदान करता है। दोनों के बीच द्विपक्षीय सहयोग विविध क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। जिसमें रक्षा सहयोग एक अहम स्तंभ के रूप में मौजूद है। राजनाथ ने किर्गिस्तान के रक्षा मंत्री को भारत द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित की गई 2 भीष्म आरोग्य मैत्री स्वास्थ्य क्यूब भी सौंपी हैं। जिसका इस्तेमाल प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों के लिए किया जा सकेगा। उन्होंने दर्जनभर कंप्यूटर सिस्टम के प्रावधान से जुड़ी परियोजना की घोषणा करते हुए कहा कि इन्हें किर्गिस्तान के सैन्य इंस्टीट्यूट, सैन्य यूनिट-36806 में लगाया गया है। इसके पूर्व में भारत की मदद से किर्गिस्तान की सशस्त्र सेनाओं से जुड़े कर्मियों के लिए नौकरी के समय पर प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए वॉरगेमिंग सॉफ्टवेयर लगाया गया था। कजाकिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल डौरेन जुमाताईउली कोसानोव के साथ भी राजनाथ की मुलाकात हुई। जिसे लेकर उन्होंने कहा कि हमने रक्षा सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने के उपायों पर चर्चा की है।*

### भारत को चाहिए 5 और एस-400

*पिछले महीने नई दिल्ली ने रूस के साथ एस-400 की पांच और यूनिटों की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। जिसके बाद मॉस्को से मिलने वाली इस मिसाइल प्रणाली की कुल संख्या 10 हो जाएगी। एससीओ की बैठक से इतर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बेलारूस, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान जैसे देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ भी द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसे लेकर उन्होंने अपनी कुछ एक्स पोस्ट के जरिए जानकारी देते हुए कहा कि बेलारूस के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर ख्रेनिन से मिलकर खुशी हुई। हमारी वार्ता दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित रही। भारत बेलारूस के साथ अपनी साझा लाभप्रद साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करता है। जिसमें क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण हमारे सहयोग के मुख्य क्षेत्र हैं।*

## अधिकारियों को देश के अंतिम छोर तक पुस्तकों के वितरण पर बारीकी से निगरानी रखने का दिया निर्देश

# एनसीईआरटी की पुस्तकों की उपलब्धता, समय पर वितरण की प्रधान ने की समीक्षा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा मौजूदा शैक्षणिक सत्र के लिए प्रकाशित की गई पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, छपाई और वितरण की मंत्रालय में आयोजित की गई एक बैठक में समीक्षा की है। जिसमें उन्होंने मुख्यरूप से परिषद की पाठ्य पुस्तकों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्टॉक की स्थिति का आकलन किया।

साथ ही मंत्रालय का राज्यों के अधिकारियों तथा वितरण एजेंसियों के साथ बने हुए समन्वय को भी जांचा-परखा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक के जरिए शिक्षा मंत्री का उद्देश्य खासतौर पर देश के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों तक समय पर पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करना था।

बैठक में शिक्षा मंत्रालय में स्कूली-शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, मंत्रालय और एनसीईआरटी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### देरी के कारण न हो असुविधा

*केंद्रीय मंत्री ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि किसी भी छात्र को विलंब के कारण असुविधा नहीं होनी चाहिए। अधिकारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाए रखने, आवश्यकतानुसार मुद्रण क्षमता बढ़ाने और अंतिम सिरे तक पुस्तकों के वितरण की व्यवस्था पर बारीकी के साथ निगरानी बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक सभी छात्रों तक किताबों की भौतिक प्रतियां नहीं पहुंच जाती हैं। तब तक निबार्ध गति से शिक्षण व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ई-पाठशाला के माध्यम से डिजिटल पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध हैं।*

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले -एनसीबी ड्रग तस्कर डोला को वापस लाने में सफल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह अमित शाह ने कहा कि नार्को सिंडिकेट के खिलाफ मोदी सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, एनसीबी ने आज तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार के ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मज़बूत नेटवर्क के ज़रिए सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है। शाह ने कहा कि ड्रग सरगना कहीं भी छिप जाएं, अब उनके लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है।

## विदेश मंत्रालय ने रक्षा मंत्री जनरल सादियो कामारा की मौत को लेकर जताई गहन संवेदनाएं

# आतंकी हमलों से दहल उठा माली... भारत ने की कड़ी निंदा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते 25 और 26 अप्रैल को पश्चिम-अफ्रीकी देश माली, अल कायदा से जुड़े आतंकवादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोहियों के क्रमवार हमलों से दहल उठा। जिसमें रक्षा मंत्री जनरल सादियो कामारा की उनके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मौत हो गई है। भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर माली में अलग-अलग जगहों पर हुए इन आतंकी हमलों की पुरजोर अंदाज में कड़ी निंदा की गई है। साथ ही मुश्किल की इस घड़ी में हमलों से जुड़े हुए पीड़ितों के परिवारों, माली की सरकार और वहां की आम जनता के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। हमले में मारे गए माली के रक्षा और पूर्व सैन्य कर्मियों के विभाग के मंत्री जनरल कामारा के प्रति भी भारत की ओर से संवेदनाएं जताई गई हैं।

### हमलों के बाद माली में बढ़ी हिंसा, तनाव

गौरतलब है कि माली की राजधानी बामाको के आसपास के इलाकों में हुए आतंकी हमलों के बाद से कुछ जगहों पर हिंसा और तनाव बढ़ गया है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीते कुछ वर्षों में पश्चिम अफ्रीकी देश में आतंकियों द्वारा किए गए यह बड़े और संगठित हमलों में से एक है। जिसमें राजधानी बामाको और उसके करीब सोने की खदानों वाले इलाके सहित देश में अलग- अलग जगहों पर एक साथ हमला किया गया। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने भी माली में हुए आतंकी हमलों को लेकर चिंता व्यक्त की है।

### आतंकवाद से मुकाबले को लेकर प्रतिबद्ध भारत

मंत्रालय ने कहा कि भारत ने माली के समक्ष आतंकवाद के सभी रूपों, अभिव्यक्तियों और प्रकारों से मुकाबला करने को लेकर दृढ़ता के साथ अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इसके अलावा क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करने को लेकर अपना समर्थन प्रदान करने की बात कही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109